CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

मेरठ, रविवार 5 अप्रैल 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 303 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 16 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन, लखनऊ में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी** पेज 2



**आरसीबी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी** खेल टाइम्स




**होर्मुज स्ट्रेट को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान** पेज 11



**ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका मंदाना** बॉलीवुड

# ईरान की अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी

## कहा: किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई का जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा

तेहरान, वार्ता



■ अमेरिकी ठिकानों और सहयोगियों पर साधेंगे निशाना, ऊर्जा और आर्थिक ढांचे पर हमलों का किया ऐलान

**पश्चिम एशिया** में तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके खिलाफ किसी भी तरह की सैन्य कार्रवाई की गई, तो उसका जवाब पहले से कहीं ज्यादा करारा और विनाशकारी होगा।

ईरानी सशस्त्र बलों के केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम ज़ोल्फाघारी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि अमेरिका के हालिया बयानों और धमकियों को हल्के में नहीं लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपनी सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ईरान ने सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों ही नहीं, बल्कि उन देशों को भी चेतावनी दी है जो अपने यहां अमेरिकी सैन्य बेस की अनुमति देते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका को अपने क्षेत्र से बाहर करने के लिए कदम उठाने चाहिए, अन्यथा उन्हें भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। ईरानी सेना ने संकेत दिए हैं कि जवाबी कार्रवाई केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं होगी। इसमें ऊर्जा संयंत्र, ईंधन केंद्र और आर्थिक ढांचे भी निशाने पर हो सकते हैं। बयान में कहा गया है कि यह कार्रवाई पहले से कहीं ज्यादा व्यापक और कठोर होगी। यह पूरा विवाद उस समय और बढ़ गया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बुनियादी ढांचे जैसे पुल, बिजली संयंत्र और ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाने की बात कही थी।

### अमेरिका एसी-130 गनशिप के जरिये कर रहा अपने पायलट की तलाश

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में गिराए गए अपने लड़ाकू विमान के पायलट की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया है और इसके लिए वह एसी-130 गनशिप का इस्तेमाल कर रहा है। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। बीबीसी के अमेरिकी साझेदार सीबीएस न्यूज से बात करते हुए अमेरिका के एक पूर्व कमांडर ने बताया कि अगर बचाव अभियान का लक्ष्य ऐसे इलाके में है, जहां हेलीकॉप्टर नहीं पहुंच सकता, तो एसी-130 गनशिप के स्क्वाड्रन उस विमान से छलांग लगाएंगे और पैदल ही तलाश अभियान शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि जमीन पर पहुंचने के बाद स्क्वाड्रन का मकसद लापता क्रू मेंबर से संपर्क करना, जरूरत पड़ने पर मेडिकल मदद देना, दुश्मन से बचना या उसे रोकना और ऐसी जगह पहुंचना होता है, जहां से उन्हें बचाया जा सके।

### ईरान के बुशहर न्यूक्लियर प्लांट के पास हमला, एक की मौत

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजरायल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया।

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी, यूपी में बिजली गिरने से पांच मौतें

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। उत्तर प्रदेश की कोसीकला अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं बारिश में भीग गया। इससे पहले राज्य में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो चुकी है। दिल्ली, पंजाब सहित 11 राज्यों में शनिवार को तेज बारिश का अलर्ट था।

## संक्षिप्त समाचार

### नासिक में कुएं में गिरी कार, एक ही परिवार के नौ मरे

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक परिवार के छह बच्चों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी शहर के शिवाजी नगर इलाके में हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार एक बैंक्वेट हॉल में फंक्शन में शामिल होने के बाद घर जा रहा था, तभी उनकी कार वेन्यू के पास एक कुएं में गिर गई। लोग मौके पर पहुंचे और आधी रात को दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार और उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, मरने वालों की पहचान सुनील दत्तू दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, एक अन्य महिला आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों (पांच लड़कियां और एक लड़का) के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्राइवर को कुआं कैसे नहीं दिखा। उन्होंने आगे कहा, हम चश्मदीदों की तलाश कर रहे हैं और घटना के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

### केरलम में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस, 339 करोड़पति

**तिरुवनंतपुरम।** केरलम विधानसभा चुनाव में 38 प्रतिशत उम्मीदवारों पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 उम्मीदवार कांग्रेस से हैं। भाजपा के 59 और सीपीआई एम के 51 उम्मीदवार हैं। वहीं, 23 प्रतिशत पर हत्या और बलात्कार जैसे गंभीर केस दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने विधानसभा चुनाव लड़ रहे कुल 883 में से 863 उम्मीदवारों के एफिडेविट का एनालिसिस कर शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। 339 करोड़पति प्रत्याशी हैं। यानी हर 5 में से 2 उम्मीदवार करोड़पति हैं। 2021 में राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव में 27 प्रतिशत उम्मीदवार ही करोड़पति थे, लेकिन 2026 में ये नंबर बढ़कर 39प्रतिशत हो गया। यानी 5 साल में करोड़पति उम्मीदवारों की संख्या 48 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 54 प्रतिशत उम्मीदवार ग्रेजुएट नहीं हैं।

### कमलनाथ, आनंद शर्मा व थरूर का सरकार को समर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और एलपीजी संकट पर पार्टी लाइन से हटकर बात की। इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा और शशि थरूर शामिल हैं। उधर, राहुल गांधी इन मुद्दों पर सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेकर निशाना साध रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ करते हुए इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गैस संकट पर कहा था कि ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस माहौल बनाया जा रहा है। आनंद शर्मा ने 2 अप्रैल को एक्स पर लिखा कि संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है। इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है। सरकार ने एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक आल-पार्टी मीटिंग भी की।

# खाड़ी देशों में भारतीयों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

## कांग्रेस चुनावी फायदे व मुझे गाली देने के लिए 1 करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार

तिरुवल्ला, वार्ता



■ मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर किए प्रहार

**केरल में** चुनावी बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सूबे के तिरुवल्ला में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस, लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर प्रहार किए। पीएम ने कांग्रेस पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ चुनावी फायदे और मुझे गाली देने के लिए एक करोड़ प्रवासियों की जिंदगी दांव पर लगाने को तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा बेहद खतरनाक है। वे चाहते हैं कि पश्चिम एशिया के देश भारत को अपना दुश्मन समझ लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें या कोई ऐसा बयान दे दें, जिससे खाड़ी देशों में रह रहे हमारे भारतीय भाई-बहनों पर बड़ी मुसीबत आ जाए। पीएम मोदी ने सीधे तौर पर कहा कि कांग्रेस जानबूझकर खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है, जिससे देश में डर का माहौल बने और उन्हें केंद्र सरकार को कोसने का मौका मिल सके। प्रधानमंत्री ने विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि मैं कांग्रेस और एलडीएफ-यूडीएफ के लोगों से साफ कह देना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह है और चुनाव आते-जाते रहेंगे। मेरे लिए केरल के जो लाखों लोग वहां काम कर रहे हैं, उनकी सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता है और मैं इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। प्रधानमंत्री ने केरल की संस्कृति पर हो रहे हमलों को लेकर भी विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का सीधा निशाना केरल की महान संस्कृति और आस्था पर है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों ने सबरीमाला तीर्थ को बदनाम करने की साजिश रची और अब यह इनकी लूट का अड्डा बन गया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि सबरीमाला में जो कुछ भी हुआ वह एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह चोरी एलडीएफ सरकार में हुई और इसके तार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से जुड़े पाए गए हैं। यही वजह है कि एलडीएफ सरकार इस पूरे मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप रही है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर चीज में झूठ बोलना इनका स्वभाव बन चुका है। उन्होंने कहा कि जब हम सीएए लेकर आए, तब इन्होंने खूब झूठ फैलाया। आज कानून लागू हो चुका है और देश का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने द केरल फाइल्स और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों का उदाहरण देते हुए कहा कि सच सामने आते ही विपक्ष इसे झूठ का पुलिंदा बताने लगता है। आजकल ये लोग यूसीसी को लेकर भी ऐसा ही भ्रम फैला रहे हैं।

### केरलम में एलडीएफ जाएगी, एनडीए आएगी: मोदी

**तिरुवल्ला।** केरलम के तिरुवल्ला पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की सरकार आएगी। उन्होंने कहा कि मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

# ईरानी तेल टैंकर को भुगतान मुद्दों के कारण चीन मोड़े जाने की रिपोर्ट गलत: पेट्रोलियम मंत्रालय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित किया

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने उन मीडिया रिपोर्टों को गलत बताया है जिनमें कहा गया है कि ईरान से कच्चा तेल लेकर आ रहे तेल टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण भारत के बजाय चीन की ओर मोड़ दिया गया है।

मंत्रालय ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में किया गया यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित कर लिया है, जिसमें ईरान से भी आपूर्ति शामिल है और अफवाहों के विपरीत, ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए कोई भुगतान बाधा नहीं है। गुरुवार को शिप ट्रैकिंग साइट के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि करीब छह लाख बैरल कच्चा तेल लेकर इस्वातिनी के ध्वज वाला टैंकर भारत के वाडिनार बंदरगाह पर आ रहा है। हालांकि जहाजरानी मंत्रालय ने कहा था कि उसे इस टैंकर के बारे में विशेष जानकारी नहीं है। शुक्रवार को इस साइट के हवाले से खबरों में कहा गया कि पिग शुन नामका यह टैंकर चीन के बंदरगाह डोंगयिग की ओर बढ़ रहा है। इसके बाद मीडिया की रिपोर्टों में कहा गया कि यह इस टैंकर को 'भुगतान मुद्दों' के कारण चीन मोड़ दिया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में यह दावा कि ईरानी कच्चे तेल का एक कार्गो भुगतान मुद्दों के कारण वाडिनार, भारत से चीन की ओर मोड़ दिया गया है, तथ्यात्मक रूप से गलत है। भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है, और कंपनियों को वाणिज्यिक विचारों के आधार पर विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूरा लचीलापन प्राप्त है।

## 200 करोड़ की ठगी मामले में लीना मारिया की जमानत पर सुनवाई टली

■ कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल निर्धारित की

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ रुपये की ठगी से जुड़े मामले में आरोपी और सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी फिल्म अभिनेत्री लीना मारिया की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाखिल जमानत याचिका पर शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है।

अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने लीना मारिया की मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ आर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत दायर जमानत याचिका पर बहस पूरी कर ली थी।

### प. बंगाल में 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए 4660 सहायक मतदान केंद्र बनाने के निर्देश दिए हैं। सहायक मतदान केंद्र उन क्षेत्रों में बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या प्रति मतदान केंद्र 1200 से अधिक है। इसके अतिरिक्त राज्य में 321 मतदान केंद्रों को मतदाताओं की सुविधा के लिए उनके पहले निर्धारित स्थानों से दूसरी जगह स्थापित किया जाएगा।

# हजारों हमलों के बाद भी ईरान की ताकत बरकरार

## अमेरिकी खुफिया आकलन: 50 प्रतिशत लॉन्चर अभी भी सुरक्षित, मिसाइलें गुफाओं में छिपाई

वाशिंगटन, वार्ता



■ ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है

**लगातार पांच** हफ्तों से जारी अमेरिका और इजरायल के हमलों के बावजूद ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी खुफिया आकलन, जिसका हवाला सीएनएन ने तीन सूत्रों के जरिये बताता है कि ईरान के करीब आधे मिसाइल लॉन्चर अब भी सुरक्षित हैं और उसके पास हजारों आत्मघाती ड्रोन मौजूद हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ लॉन्चर ऐसे हैं, जो हमलों के बाद जमीन के नीचे दब गए हैं या पहुंच से बाहर हो गए हैं, लेकिन नष्ट नहीं हुए। एक सूत्र का कहना है कि ईरान अब भी पूरे क्षेत्र में गंभीर नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। ड्रोन ताकत भी काफी हद तक बची हुई है। अनुमान है कि ईरान की लगभग आधी ड्रोन क्षमता अब भी सक्रिय है। इसके अलावा तटीय रक्षा के लिए इस्तेमाल होने वाली क्रूज मिसाइलें भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों के लिए खतरा बनी हुई हैं। व्हाइट हाउस ने इन खुफिया आकलनों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गुमनाम सूत्र ट्रम्प की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार का दावा है कि ईरान की नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है, दो-तिहाई सैन्य उत्पादन क्षमता नष्ट हो गई है और अमेरिका तथा इजरायल को हवाई बढ़त हासिल है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी कहा है कि ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि जमीनी स्थिति इससे अलग संकेत देती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार 12,300 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद ईरान की क्षमताएं पूरी तरह खत्म नहीं हुई। इजरायल का अनुमान है कि केवल 20 से 25 प्रतिशत लॉन्चर सक्रिय हैं, हालांकि इसमें वे सिस्टम शामिल नहीं हैं जो सुरंगों और गुफाओं में छिपे हुए हैं। ईरान की रणनीति का अहम हिस्सा उसके भूमिगत ठिकाने हैं। उसने मिसाइल और लॉन्च सिस्टम को सुरंगों और गुफाओं में छिपाकर रखा है, जिससे उन्हें ढूंढ़ना और नष्ट करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा मोबाइल लॉन्चर तेजी से जगह बदलते हैं, जिससे उन पर निशाना साधना और भी कठिन हो जाता है।

# चीनी CCTV कैमरों से लोगों को जोखिम में डाल रही सरकार: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चीनी सीसीटीवी कैमरों का इस्तेमाल कर रही है और जिन पर खुद उसने प्रतिबंध लगाया उन्हीं से निगरानी करवाकर जनता की जान जोखिम में डाल रही है।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार से जब उन्होंने संसद में इस बारे में सवाल पूछा तो ठोस जवाब नहीं दिया गया। उनका कहना था कि सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरे अब भी लगे हुए हैं। प्रतिबंधित चीनी एप्स बदले हुए नामों के साथ फिर से सामने आ रहे हैं। विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इन सबके बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछा। जवाब में बहुत कुछ कहा गया लेकिन जो पूछा गया था उसका कोई जवाब नहीं मिला। हमारे कैमरे किन देशों से आए। उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बाबा विश्वनाथ और काल भैरव के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने यहां आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री सबसे पहले बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचे। उन्होंने वहां माथा टेका और आरती उतारकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। दर्शन के बाद निकलते समय योगी ने आसपास के दुकानदारों और बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री के आत्मीय व्यवहार को देखकर लोग प्रसन्न नजर आए। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे।

### सपा ढोंगी पार्टी 2027 में फिर आएगी भाजपा: जयवीर


**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी को ढोंगी पार्टी करार देते हुए आरोप लगाया कि सपा सरकार के कार्यकाल में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं सबसे अधिक हुईं। सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि सपा अब डा. भीमराव आंबेडकर के अनुयाई बनने का दिखावा कर रही है, जबकि पहले उनके खिलाफ बयानबाजी करती रही है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे पीडीए की परिभाषा बार-बार बदल रहे हैं और उन्हें स्वयं इसका अर्थ स्पष्ट नहीं है। मंत्री ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता सपा को नकारते हुए फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार में प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## काशी से सीएम योगी का बड़ा ऐलान, इसी महीने से मिलेगा मानदेय

# शिक्षा मित्रों को 18 व अनुदेशकों को 17 हजार मिलेंगे

**वाराणसी, वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अनुदेशकों को 17,000 तथा शिक्षामित्रों को 18,000 का मानदेय इसी महीने से लागू करने की घोषणा की है। वे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र को और सशक्त बनाने तथा हर बच्चे को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ करने शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय पहुंचे थे।



- शिवपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सीएम ने किया 'स्कूल चलो अभियान' का भव्य शुभारंभ
- स्कूलों के प्रधानाचार्य गांव मोहल्लों में निकलें व अभिभावको से संवाद करें

सीएम ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। सीएम योगी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और स्कूल चलो अभियान की सार्थकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। उन्होंने शिक्षा मित्र अनुदेशक, रसोइयों के लिए भी बड़ी घोषणा की। सीएम ने बताया कि शिक्षक, अनुदेशक, रसोइयों के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि आप काम करिए, सरकार आपके साथ है। सीएम ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 से 15 अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ संवाद करें और शिक्षक स्कूल खुलने से थोड़ा पहले निकलकर गांव-मोहल्ले के घरों पर दस्तक दें। अभिभावकों से पूछें कि स्कूल जाने से कोई बच्चा वंचित तो नहीं है। उन्हें बताएं कि सरकार सब नि:शुल्क दे रही है।

### अब खर्च होते हैं 80 हजार करोड़ रुपये

सीएम ने पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। इस पैसे का परिणाम आना चाहिए। शिक्षक व अधिकारियों ने मेहनत की है, इसलिए सरकार भी आपके साथ खड़ी है। जहां कस्तूरबा गांधी विद्यालय नहीं थे, इस बजट में वहां के लिए भी पैसा दे दिया गया। वहां आठवीं तक की शिक्षा थी, हमने इसे 12वीं तक प्रारंभ कर दिया। श्रमिकों के तथा निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए।

### सीएम ने परोसा खाना, खिलखिलाए बच्चे

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को मिड-डे मील परोसा। उन्हें स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकों के साथ उपहार व चॉकलेट भी दी। सीएम ने निपुण विद्यालयों व बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर बच्चों ने भी खिलखिलाकर सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी और न ही गरीब व सामान्य बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। हालांकि उस समय नकल की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता था। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया।

# अखिलेश यादव ने दी पीडीए फॉर्मूले को धार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अभी से धार देना शुरू कर दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए के उत्थान के लिए हमें खुद आगे आना होगा और अपना वक्त बदलना होगा। अखिलेश यादव ने पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे का नारा दिया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लंबी पोस्ट लिखी और पीडीए को लेकर अहम संदेश दिया। उन्होंने लिखा- प्रिय पीडीए युवक-युवतियों, हर 'पीडीए' को जोड़े है, पीड़ा की एक डोर.. चलो चलें 'अनुशासन से शासन' की ओर! पीडीए के संकल्पबद्ध युवाओं को हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश दिया गया है, उसको लेकर उनका अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। इस बार बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का प्रयास मिलकर अपनी 'पीडीए सरकार बनाने' और 'संविधान बचाने' के लिए कटिबद्ध-प्रतिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा, जब संविधान बचेगा, तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा, तभी युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी। वो अपने घर-परिवार के सपने पूरे कर पाएंगे और सम्मान से जीवन जी पाएंगे। आज से पीडीए के युवाओं का यही नया नारा है- पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे!'

- युवाओं से जुड़ने का किया आह्वान

# यूपी बोर्ड ने प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड के लिए अंतिम मौका दिया

**प्रयागराज, वार्ता**

- 652 प्रायोगिक केंद्रों पर अब तक नहीं किए अपलोड

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा 2026 के अंकों के अपलोड को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विद्यालयों को अंतिम अवसर प्रदान किया है।

परिषद की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कई विद्यालयों में आंतरिक परीक्षकों द्वारा प्रैक्टिकल अंकों को समय पर ऑनलाइन अपलोड नहीं किया गया, जिससे हजारों छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है। बोर्ड के मुताबिक, इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षाएं दो चरणों में आयोजित की गई थीं। पहला चरण 24 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक तथा दूसरा चरण 2 फरवरी से 9 फरवरी 2026 तक संपन्न हुआ था। इसके बाद भी जिन विद्यालयों में अंक अपलोड नहीं हो सके थे, उन्हें 13 फरवरी 2026 तक अतिरिक्त समय दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कई परीक्षा केंद्रों पर लापरवाही बरती गई। ऑनलाइन डेटा की समीक्षा में सामने आया है कि प्रदेश के 652 प्रायोगिक परीक्षा केंद्रों पर अब तक अंक अपलोड नहीं किए गए हैं, जिससे लगभग 34,637 परीक्षार्थियों का परिणाम प्रभावित हुआ है। परिषद ने छात्रहित में एक और अवसर देने का निर्णय लिया है। अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 6 और 7 अप्रैल 2026 को प्रैक्टिकल अंकों का पोर्टल पुन: खोला जाएगा। निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर सभी विद्यालय अपने शेष प्रैक्टिकल अंक अनिवार्य रूप से अपलोड करें। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि इस अंतिम अवसर के बावजूद अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित परीक्षार्थियों को अनुत्तीर्ण घोषित किया जा सकता है। इसके लिए संबंधित परीक्षक, प्रधानाचार्य और जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# सरकारी इमारतों पर अभी तक चीनी सीसीटीवी क्यों: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, वार्ता**



बैन के बाद कांग्रेस नेता का सरकार से सवाल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भले ही सरकार ने आम लोगों के लिए चीनी सीसीटीवी कैमरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है, लेकिन सरकारी इमारतों में अभी भी ऐसे कैमरे लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा को प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछे थे। जवाब में बहुत कुछ कहा गया, लेकिन जो पूछा गया था, उसका कोई जवाब नहीं दिया गया।

राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने सरकार से पूछा था कि हमारे कैमरे किन देशों से आए? उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं? कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं? कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं? राहुल ने कहा कि मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब, एक भी प्लेटफार्म का नाम तक नहीं। राहुल गांधी ने सरकार के जवाब का पत्र सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा कि पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नजर रख रहे हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं।

दिल्ली के सीसीटीवी सर्विलांस नेटवर्क का आधे से ज्यादा हिस्सा चीन में बने कैमरों का है, जिसके चलते राज्य सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए इन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम शुरू कर दिया है।

### सैफई में खेत में गिरा ड्रोन, अखिलेश यादव ने की जांच व मुआवजे की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में गेहूं के खेत में ड्रोन गिरने की घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया, ग्रामीणों को आशंका हुई कि कहीं कोई मिसाइल तो नहीं गिर गई। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था, तो स्थानीय लोगों को पहले से सूचित किया जाना चाहिए था। बिना भरोसे और पर्याप्त तैयारी के आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसे परीक्षण करना गंभीर जोखिम पैदा करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि ड्रोन खेत के बजाय किसी बस्ती में गिरता, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। अखिलेश यादव ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रभावित किसान के नुकसान और मानसिक आघात का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण निर्जन क्षेत्रों में ही कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सैफई की जनता सवाल उठा रही है कि जब ड्रोन संचालन ही सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, तो वहां की हवाई पट्टी से विमान संचालन कैसे संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से सैफई के रनवे को उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40



सोना 151090
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 249900
प्रति किलो



# एलपीजी कालाबाजारी पर नकेल अब तक 3700 से ज्यादा छापेमारी

## एक हजार एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी, 27 सस्पेंड

**नई दिल्ली, वार्ता**

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा और जरूरी सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। सरकार ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है और सभी रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

सरकार ने घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए एलपीजी और पीएनजी की सप्लाई मजबूत की है। शुक्रवार को ही 51 लाख एलपीजी सिलेंडर डिलीवर किए गए, जबकि 23 मार्च से अब तक 5.7 लाख छोटे (5 किलो) सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। 5 किलो वाला एफटीएल एलपीजी सिलेंडर अब सिर्फ वैध आईडी दिखाकर बिना एड्रेस प्रूफ के भी लिया जा सकता है। मार्च 2026 से अब तक 3.5 लाख से ज्यादा नए पीएनजी कनेक्शन चालू किए गए हैं और पीएनजी को बढ़ावा देने के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड, गेल और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियां सक्रिय हैं। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। अब तक 3700 से ज्यादा छापे मारे गए हैं, 1000 एलपीजी एजेंसियों को नोटिस जारी हुआ है और 27 एजेंसियों को सस्पेंड किया गया है। उद्योगों को फिलहाल 80 प्रतिशत गैस सप्लाई दी जा रही है, जबकि उर्वरक संयंत्रों को 6 अप्रैल से 90 प्रतिशत तक गैस सप्लाई बढ़ाई जाएगी। कमर्शियल एलपीजी सप्लाई भी अब सामान्य स्तर के करीब 70 प्रतिशत तक पहुंच गई है।



### सोने में तेजी लौटी, चांदी की चमक अभी भी फीकी

**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में तेजी लौट आई है। शनिवार की सुबह राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 151090 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मुंबई में भाव 150940 रुपये प्रति 10 ग्राम है। एक दिन पहले दिल्ली का सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में कोई उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया। कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने का भाव वर्तमान में 4,591.52 डॉलर प्रति औंस है। दूसरी कीमती धातु चांदी की कीमत में गिरावट बरकरार है। 4 अप्रैल की सुबह भाव 249900 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। एक दिन पहले दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

# पूर्व महिला उपनिरीक्षक दोषी

## अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर व धमकी मामले में फैसला

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रीय राजधानी की द्वारका अदालत ने दिल्ली पुलिस की पूर्व उपनिरीक्षक कविता माथुर को चार्जशीट पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर करने और एक वरिष्ठ अधिकारी को धमकी भरा एसएमएस भेजने का दोषी करार दिया है।

यह मामला साल 2015 में किए गए अपराधों से संबंधित है, जब कविता पालम गांव पुलिस थाने में तैनात थीं। अदालत के फैसले के अनुसार, जांच अधिकारी के रूप में काम करते हुए कविता ने पालम गांव थाने की कई प्राथमिकियों की अंतिम रिपोर्ट या चार्जशीट पर तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त एम हर्ष वर्धन के फर्जी हस्ताक्षर किए थे।



उन पर प्राथमिकी नंबर 224/14 और 276/14 की अंतिम रिपोर्ट पर तत्कालीन थाना प्रभारी निवती एम कश्यप के हस्ताक्षर भी जाली तरीके से करने और बाद में उन दस्तावेजों को संबंधित अदालत में पेश करने का आरोप था। इसके अलावा 23 जुलाई 2015 को कविता ने अपने मोबाइल फोन से एसीपी हर्षवर्धन के सरकारी मोबाइल नंबर पर एक एसएमएस भेजा था, जिसमें लिखा था, सर, मैंने बहुत कोशिश की कि मैं सब बातों का सामना करूं, लेकिन ये मेरे लिए बहुत मुश्किल रहा। मैं किसी को फेस नहीं कर पा रही हूं, मैंने आपका साइन कर कोई मामला रद्द नहीं करवाया। सब लोग मुझे अजीब तरीके से देख रहे हैं। मैं अदालत के समक्ष नहीं कर पा रही। मेरा सारा करियर आपकी एफआईआर ने खत्म कर दिया। मैं सुसाइड कर रही हूं। अदालत ने माना कि यह संदेश डराने के इरादे से दी गई 'आपराधिक धमकी' थी। इसका उद्देश्य अधिकारी को डराना और उन्हें मामले की पैरवी करने से रोकना था। अदालत ने देखा कि जब निरीक्षक मीना यादव ने आरोपी से फर्जी हस्ताक्षरों के बारे में पूछताछ की, तो उसने चार्जशीट का आखिरी पन्ना फाड़ दिया, जिस पर जांच अधिकारी (आईओ), एसएचओ और एसीपी के हस्ताक्षर थे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अजमेर की दुष्कर्म पीड़िता और परिजनों को न्याय दे सरकार

## कांग्रेस ने की राजस्थान सरकार से मांग

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने राजस्थान के अजमेर में दुष्कर्म पीड़ित युवती के साथ न्याय नहीं होने तथा परि. जनों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से पीघ्ति को न्याय और परिवार जनों को सुरक्षा देकर दोषियों को तत्काल सजा देने की मांग की है।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेद्र पाल गौतम ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित राजस्थान में 15 साल की दलित बच्ची के साथ 2024 में तीन दबंग युवकों ने दुष्कर्म किया। बच्ची के गर्भवती होने पर उसे दिल्ली लाया गत और फिर अजमेर जाकर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के बयान न्यायाधीश के सामने दर्ज कराए जाते हैं लेकिन 8 महीने तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया। बाद में एक गिरफ्तारी हुई और उनमे 2 को छोड़ दिया गया जबकि न्यायाधीश के सामने तीनों लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का बयान दिया गया था। उन्होंने बताया कि दबंगों ने परिवार पर मामला वापस लेने का दबाव डाला, नहीं माने तो कुल्हाड़ियों से उन पर हमला किया गया। परिजनों को घायल किया गया, लेकिन प्रशासन की तरफ से शिकायत होने पर भी उन्हें किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी गई, उल्टे पुलिस अधिकारियों ने मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया है। श्री गौतम ने आरोप लगाया कि दलितों के खिलाफ अत्याचार के मामले सबसे ज्यादा भाजपा शासित राज्यों में हो रहे हैं। उनका कहना था कि पूरे देश में भाजपा शासित राज्यों में जिस तरह से दलित उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं, वह चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में हो रहे है जबकि दूसरे नम्बर पर मध्य प्रदेश और तीसरे स्थान पर राजस्थान है और फिर बिहार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमाल की बात यह है कि अजमेर पुलिस दलित युवती के साथ दुष्कर्म करने वालों को छोड़ देती है। बलात्कारी उनके परिवार के लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उनकी फसलों को भी काट कर ले गए हैं।

# गाजीपुर में पकड़े गए तीन साइबर ठग, 76 करोड़ ठगे

## 25 राज्य, 75 मुकदमे दर्ज: साइबर पुलिस

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर साइबर पुलिस ने 67 करोड़ की साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को लालच देकर फर्जी अकाउंट खुलवाते थे, फिर उन अकाउंट्स में फर्जीवाड़े की रकम मंगवाई जाती है। इनके पास से पुलिस ने कई सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल सहित कई अन्य सामान बरामद किया है।

गाजीपुर पुलिस ने देशभर में फर्जी खातों के जरिए करोड़ों रुपये की साइबर ठगी करने वाले 3 अंतर्राज्यीय अपराधियों ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लोगों को लालच देकर उनके नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद वह उन खातों के जरिए साइबर फ्रॉड से कमाए गए पैसे मंग. वाते थे। ये रकम क्रिप्टोकरेंसी या डॉलर के जरिए ट्रांसफर की जाती थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल की जांच में देशभर के 25 राज्यों में दर्ज 75 से ज्यादा शिकायत में इनकी संलिप्तता सामने आई हैं, जिनमें करीब 67 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनके पास 700 से ज्यादा फर्जी खाते थे, जिसमें वह साइबर फ्रॉड के पैसे को मंगाकर उसको ठिकाने लगाते थे। पुलिस अधीक्षक डा. इरज ने बताया कि यदि इनके पास मौजूद खातों की जांच की जाए, तो घोटाले का मामला और भी लंबा हो सकता है। यह सभी लोग फ्रॉड किए गए पैसों को डॉलर और क्रिप्टो करेंसी में कन्वर्ट कर पैसों को अन्य खातों या फिर विदेश तक भेजा करते थे। पुलिस ने ऋषिराज, रोहन कुमार और सचिन सिंह नाम के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# अंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन लखनऊ में भीड़ जुटाने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने अपनी कवायद शुरू कर दी है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती लगातार संगठन की बैठकें ले रही हैं। बसपा के पदाधिकारियों की मानें तो मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को राजधानी लखनऊ में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। पार्टी अभी से इसकी तैयारी में जुट गई है।





- मायावती के निर्देश पर 14 अप्रैल को प्रदर्शन

पार्टी के एक पूर्व सांसद ने कहा कि पार्टी 14 अप्रैल को भीम राव अंबेडकर की जयंती पर बड़े आयोजन की तैयारी में जुटी है। यह रैली अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ेगी । यह विरोधी पार्टियों के लिए एक बड़ा संदेश होगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बसपा के नेता ने बताया कि हाल ही में लखनऊ में आयोजित पार्टी की बैठक में मायावती ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लखनऊ स्थित अंबेडकर स्मारक पर एकत्र होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि खास बात यह है कि इस बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता भी लखनऊ में ही जुटेंगे, क्योंकि दलित प्रेरणा स्थल फिलहाल नवीनीकरण कार्य चल रहा है। ऐसे में इस बार रिकॉर्ड भीड़ जुटने की संभावना जताई जा रही है। हालाकि मायावती ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हों, जिससे आयोजन को और व्यापक बनाया जा सके। इससे पहले 9 अक्टूबर 2025 को बसपा ने अपने संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर भी लखनऊ में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता जुटे थे। इस कार्यक्रम को 2016 के बाद बसपा का सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन माना गया था, जहां मायावती ने एक दशक बाद कांशीराम स्मारक पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था।

# गंगा में डूबे चार में से दो सगे भाइयों के शव बरामद, दो भाइयों की तलाश जारी

## एनडीआरएफ की टीम ने संभाला मोर्चा, राजनीतिक दलों के लोग पहुंचे मखदूमपुर गंगा घाट



मखदूमपुर गंगा घाट पर बैठा पीड़ित परिवार।



परिजनों से वार्ता करते राज्यमंत्री दिनेश खटीक व संजीव बालियान आदि।



पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते विधायक अतुल प्रधान।



मखदूमपुर गंगा घाट पर पहुंचे पूर्व विधायक योगेश वर्मा।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** मखदूमपुर गंगा घाट में शुक्रवार को डूबे चार चचेरे-तहेरे भाइयों में दो सगे भाइयों के शव गंगा नदी से बरामद हो गए। शेष दो सगे भाइयों की तलाश में एनडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को गंगा नदी से बाहर निकाला। उधर, पुलिस-प्रशासन की टीम भी पूरी तरह गंगा घाट पर मुस्तैद रही। राज्यमंत्री दिनेश खटीक सहित भाजपा व अन्य दल के नेताओं ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाली हर प्रकार की आर्थिक मदद का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि 102 वर्षीय वृद्धा का दाह संस्कार करने के लिए इंचौली क्षेत्र के जलालपुर गांव का पूरा परिवार व ग्रामीण शुक्रवार को मखदूमपुर गंगा घाट पर पहुंचे थे। दाह संस्कार के बाद सगे भाई कमल सिंह व सोनू के दो-दो बेटे क्रमशः अभिषेक (21) व हिमांशू (17) और दीपांशू (15) व प्रयांशू (17) गंगा नदी में डूब गए थे। एसडीआरएफ की टीम घटना के बाद घाट पर पहुंची और डूबे लोगों की तलाश शुरू कर दी। देर शाम एनडीआरएफ की स्पेशल टीम को भी मौके पर बुला लिया गया, लेकिन किसी का पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह से टीम ने फिर से गंगा नदी में सभी की तलाश शुरू कर दी। दोपहर करीब 12 बजे टीम ने एक शव गंगा नदी से बाहर निकाला, जिसकी पहचान अभिषेक के रूप में हुई। उसके करीब डेढ़ घंटे बाद डाइविंग टीम ने दूसरे शव को नदी में ढूंढ निकाला, जिसकी पहचान अभिषेक के छोटे भाई हिमांशू के रूप में हुई। शव मिलने के बाद परिजनों व ग्रामीणों में कोहराम मच गया। उनके परिजनों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। दो शवों के मिलने के बाद एनडीआरएफ की टीम ने मोटर बोट और डाइविंग टीम के साथ शेष दीपांशू व प्रयांशू की तलाश में और अधिक तेजी ला दी। बरामद हुए दोनों शवों को पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने एंबूलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हस्तिनापुर पुलिस के अलावा सीओ मवाना पंकज लवानिया, एसडीएम संतोष कुमार सिंह सहित कई अधिकारी व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शुक्रवार से मखदूमपुर गंगा घाट पर डटे हुए हैं।

### राज्यमंत्री दिनेश खटीक पहुंचे मखदूमपुर गंगा घाट पर

हस्तिनापुर विधायक एवं प्रदेश के जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक सहित भाजपा व अन्य दल के नेताओं ने मखदूमपुर गंगा घाट पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार ने राज्यमंत्री से पुलिस-प्रशासनिक अफसरों की कार्यप्रणाली पर संतोष जाहिर करते हुए कहा कि रात से ही सभी अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे हैं। एक अन्य दल के नेता द्वारा बात उठाए जाने पर राज्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुआवजे के संबंध में रात में ही डीएम मेरठ से बात कर ली थी। वह बाहर थे और फोन से लगातार अधिकारियों व मखदूमपुर-किशोर के ग्रामीणों के संपर्क में थे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि पहली प्राथमिकता बच्चों को तलाश करने की है। इस बाबत उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया और नदी में तलाश कर रही एनडीआरएफ की टीम को भी देखा। उनके साथ पूर्व जिपं अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह, कोऑपरेटिव चेयरमैन विमल शर्मा, ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शिवकुमार राणा आदि मौजूद रहे। उधर, पूर्व कैबिनेट मंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, सरधना विधायक अतुल प्रधान भी मखदूमपुर गंगा घाट पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

### दो गोताखोरों और एक बोट की स्थाई तैनाती का दिया आश्वासन

दरअसल, महीने में दो बाहर पूर्णिमा व अमावस्या पर मखदूमपुर गंगा घाट पर हजारों लोग स्नान करने पहुंचते हैं। इसके अलावा शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए रोजाना लोग पहुंचते हैं। कई बार मखदूमपुर गंगा घाट पर हादसे हो चुके हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने राज्यमंत्री दिनेश खटीक से यहां स्थायी रूप से कम से कम दो गोताखोरों व बोट आदि की व्यवस्था कराए जाने की मांग की। इस पर राज्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में डीएम मेरठ से बात कर ली है। संविदा पर यहां दो गोताखोरों व बोट आदि की व्यवस्था स्थायी रूप से की जाएगी।

# तहसील दिवस में बिजली कटौती से परेशान किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास

**■ तहसील दिवस पर अधिकारियों के सामने खुद पर डाला मिट्टी का तेल, प्रशासन ने दिए जांच के आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मवाना थाना क्षेत्र के नासरपुर गांव निवासी किसान मांगेराम ने शनिवार को तहसील दिवस के दौरान आत्मदाह का प्रयास कर सनसनी फैला दी। बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति से परेशान किसान ने तहसील सभागार में अधिकारियों के सामने अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। घटना के समय अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सत्य प्रकाश सिंह, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एसडीएम संतोष कुमार सिंह और तहसीलदार निराकार सिंह समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे।

घटना से सभागार में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति को संभाला और किसान को आत्मदाह करने से रोका। इसके बाद अधिकारियों ने किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका प्रार्थना पत्र स्वीकार किया। किसान मांगेराम का कहना है कि पिछले कई महीनों से बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण उसकी खेती-बाड़ी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और उसे यह कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ा।

एडीएम सत्य प्रकाश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन भी दिया गया है। घटना के बाद किसान को मवाना के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। इस घटना ने क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की खराब स्थिति और किसानों के बढ़ते आक्रोश को उजागर कर दिया है। प्रशासन ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# जानी में प्रयागराज पुलिस की दबिश, मास्टरमाइंड सीए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** प्रयागराज में हुई करोड़ों रुपए की जीएसटी चोरी की घटना में पुलिस की टीम ने स्थानीय कस्बे में सीए की तलाश में छापेमारी कर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रयागराज में कुछ दिन पूर्व फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए की चोरी की गई थी। एक करोड़ो रुपए की चोरी में प्रयागराज में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस करोड़ों रूपये की फर्जी बिलों के आधार पर हुई चोरी में स्थानीय कस्बे के एक व्यक्ति जो सीए है भी शामिल बताया गया है। इस सीए की तलाश में जीएसटी के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने सीए की तलाश में कस्बे में छापा मारा। जीएसटी व पुलिस टीम की दबिश की भनक पाकर सीए फरार हो गया। सीए के फरार करने के आरोप के चलते पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया बताया गया है।

# सनातन धर्म क्रिकेट टूर्नामेंट का कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने किया शुभारंभ

## अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को डिवाइडर रोड, नंगलताशी, कंकरखेड़ा में सनातन धर्म क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित 'मोहन लाल कपूर मेमोरियल प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट-2026' के अवसर पर कैंट विधायक अमित अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ में महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने भी कार्यक्रम का विधिवत शुभ आरंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार तथा विशिष्ट अतिथिगण पूर्व सचिव, जिला क्रिकेट एसोसिएशन मुकेश वालिया, सुभाष शर्मा पूर्व रणजी खिलाड़ी एवं विजय गिल पूर्व उप निदेशक, शिक्षा, सेंसर पाल मंडल अध्यक्ष, सतीश प्रजापति पार्षद की उपस्थिति रही। इस अवसर पर भाजपा के कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने युवा खिलाड़ियों से संवाद कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के माध्यम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. रविंद्र भारद्वाज अध्यक्ष, डॉ. राजेश कपूर सचिव, अम्बरीश शर्मा आयोजन सचिव, केवल लुथरा सहसचिव एवं अंकित शर्मा क्रिकेट कोच का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा नेता के आवास पर सुंदर पाठ में पहुंचे सैकड़ों गणमान्य लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** भाजपा नेता विनोद खटीक के आवास गंगानगर में सुंदर पाठ का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने एक से एक सुंदर भजन के साथ सुंदर पाठ किया। वहीं भाजपा नेता विनोद खटीक ने सभी आगुंतकों को राम नाम का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत अस्थाना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी, महामंत्री हरेंद्र चौधरी, मंत्री अशोक सोम, जिला अध्यक्ष संजीव तौमर, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा सहित दर्जा प्राप्त मंत्री यशवीर सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन परीक्षितगढ़ अमित मोहन टीपू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विपिन सुधा बाल्मीकि, विनोद शर्मा, उमेश त्यागी, सुशील चौधरी, महेन्द्र गिरी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हर बेटी की सुरक्षा-एचपीवी टीकाकरण है सशक्त भविष्य की पहचान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र, मेरठ में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तीन बालिकाओं खुशबू, परिधि एवं मानवी और लक्ष्मी लाभार्थी को टीका लगाकर की गई। इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की उन बालिकाओं को टीकाकरण किया जा रहा है, जिनकी आयु आधार कार्ड के अनुसार 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा 15वें वर्ष में प्रवेश करने वाली हैं। टीकाकरण के उपरांत सभी लाभार्थियों को एचपीवी वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों एवं उनके अभिभावकों में टीकाकरण को लेकर विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी, डॉ. अंकुर त्यागी ने क्षेत्र के समस्त अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं का अधिक से अधिक एचपीवी टीकाकरण कराएं, जिससे उन्हें गर्भाशय (सर्वाइकल) ग्रीवा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सुरक्षित एवं अत्यंत प्रभावी है। यह टीका पुलिस लाइन स्वास्थ्य केंद्र पर हर दिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी, अल्ताफ एवं टीकाकरण टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# मवाना तहसील में एडीएम ने सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मवाना तहसील समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी (एडीएम) सत्य प्रकाश सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान एसपी देहात अभिजीत कुमार, उपजिलाधिकारी मवाना संतोष कुमार और नायब तहसीलदार निरंकार सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतें दर्ज कीं। एडीएम सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित जमीन, स्वास्थ्य केंद्रों और बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उनका शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। फरियादियों ने इस अवसर पर अपनी लंबे समय से लंबित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अधिकारियों ने इन शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया।

# हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर मेरठ के अधिवक्ताओं ने फिर भरी हुंकार

**■ मेरठ बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण कार्य से रहे विरत**

**■ कचहरी परिसर में घूमकर अधिवक्ताओं ने जमकर की नारेबाजी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर अधिवक्ताओं का आंदोलन वर्षों से जारी है। वकील लगातार इसे सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी बताते हुए नो बेंच, नो वोट के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। यह मांग कई दशकों से की जा रही है, जिसमें 22 जिलों के वकीलों का समर्थन शामिल है।

इसी कड़ी में शनिवार को भी मेरठ बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहते हुए हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर एकबार फिर हुंकार भरी। शनिवार को दर्जनों अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर का चक्कर लगाया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने साफ कहा कि, अगर इस बार सरकार ने उनकी मांग को पूरा नहीं किया तो वह वोट नहीं करेंगे। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि, पश्चिमी यूपी के लोगों को 750 किमी दूर इलाहाबाद (प्रयागराज) जाने के बजाय स्थानीय स्तर पर न्याय मिले। अभी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को मामलों की सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट जाना पड़ता है, जो मेरठ से लगभग 600-700 किमी दूर है। अधिवक्ताओं का कहना है कि, दूर जाने में वादियों और वकीलों का काफी समय और खर्च होता है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों से बड़ी संख्या में केस आते हैं, इसलिए अलग बेंच की जरूरत महसूस की जाती है। देश के कई राज्यों में एक से अधिक हाईकोर्ट बेंच हैं, इसलिए मेरठ में भी बेंच की मांग की जा रही है। अधिवक्ता चाहते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित की जाए ताकि आसपास के जिलों को न्यायिक सुविधा मिल सके।

# गृह क्लेश के चलते पति ने किया खुद को आग के हवाले

## हाल-चाल जानने पहुंचे एआईएमआईएम के महानगर अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कभी-कभी छोटी सी नोकझोंक भी बड़ा रूप ले लेती है। उमर नगर थाना लोहिया नगर में रहने वाले एक दम्पत्ति में भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ इसके बाद पति ने खुद को आग के हवाले कर दिया और पत्नी भी उसे आग में झुलस गई। एआईएमआईएम के नगर अध्यक्ष इमरान अंसारी ने बताया कि क्षेत्र के रहने वाले जुबेर पुत्र हारून से अपनी पत्नी का कुछ विवाद हो गया था जिसके बाद तैश में आकर जुबेर ने खुद को आग के हवाले कर दिया और उसे आग में उसकी पत्नी भी बुरी तरह झुलस गई। पति-पत्नी पूरी तरह झुलसने के बाद आनन-फानन में उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उनकी हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली सफदरगंज रेफर कर दिया गया।



# सीसीएसयू में क्लस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**■ उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने पूरा कराया द्वितीय चरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश, मेरठ के दिशा-निर्देशन में पराविधिक स्वयं सेवकों (अधिकार मित्र) हेतु कूस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम 'संवर्धन' के द्वितीय चरण का कुस्टर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुपम कुमार, जनपद न्यायाधीश, मेरठ के द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती पूजा करके की गई। कार्यक्रम में मो. असलम सिद्दीकी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सं.-1 मेरठ, पवन कुमार शुक्ला, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट)/अपर सत्र न्यायाधीश, मेरठ, अपर्णा पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट)/ अपर सत्र न्यायाधीश, मेरठ, नीरज कुशवाहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मेरठ, नम्रता सिंह प्रथम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ, तपस्या त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद एवं अभिषेक कुमार व्यास, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद मेरठ से 21, जनपद मुरादाबाद से 55, जनपद अमरोहा से 21, जनपद रामपुर से 38 एवं जनपद संभल से 23 पराविधिक स्वयं सेवकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बन्धित योजनाओं पर जनपद मेरठ, जनपद मुरादाबाद व जनपद अमरोहा के सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया एवं संविधान में वर्णित अनुच्छेद 23, 24, 29 (2) तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम, गार्जियन वार्डस एक्ट तथा प्री-नेटल डायग्नोस्टिक एक्ट के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, एस.सी./एस.टी. क्षतिपूर्ति योजना, बच्चों के लिये छात्रवृत्ति योजना एवं दिव्यांगजन से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में सुनील कुमार, समाज कल्याण अधिकारी, मेरठ, शैलेष राय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याणकारी अधिकारी, मेरठ व सिद्धांत शर्मा दिव्यांगजन अधिकारी, मेरठ द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। बाबर मो. बाबर खान, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो)/ अपर सत्र न्यायाधीश, मेरठ के द्वारा बालकों से सम्बन्धित पोक्सो एक्ट एवं पोश एक्ट के बारे में एवं महिलाओं से सम्बन्धित महिला संरक्षण अधिनियम, जैसे वूमन ट्रैफिकिंग, मेडिकल टर्मिनेशन एंड प्रेगनेंसी एक्ट, 1971 आदि के बारे में सुदेशना असिस्टेंट प्रोफेसर, विधि शास्त्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। अन्त में जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के द्वारा जनपद मेरठ से दो सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक महेश कुमार तथा कु. शिल्पी, जनपद रामपुर से दो सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक जितेन्द्र कुमार तथा संदीप कुमार, जनपद अमरोहा से दो सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक लोकमान सिंह तथा महेश सिंह, जनपद सम्भल से दो सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक अंशुल तथा रामकैलाश सागर एवं जनपद मुरादाबाद से दो सर्वश्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवक शफीक अहमद तथा किशनपाल को स्मृति चिन्ह वितरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।



# तीन किराना दुकान से लाखों की नगदी व समान चोरी

## आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों में भारी आक्रोश, पुलिस की पकड़ से दूर चोर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** जुडी मोहल्ले में तीन किराना दुकानों से अज्ञात चोर दुकान में घर की और बनी खिड़की से घुसकर लाखों की नगदी और समान चोरी कर ले गये। पीड़ित दुकानदारों नें पुलिस चौकी रटौल पर तहरीर दी है।

रटौल निवासी प्रवेज पुत्र गजमफ्फर की जुड़ी मोहल्ले में घर के बाहर ही दुकान है। घर में दुकान की साईड़ गैलरी है गैलरी से एक छोटी खिड़की दुकान में जाने के लिए भी है, रात्रि किसी समय अज्ञात चोर वहा पहुंचे और दिवार फादकर गैलरी के रास्ते खिड़की में घुसकर दुकान में जा घुसे और दस हजार की नगदी और 30 पैकेट सिगरेट के चोरी कर ले गये। सुबह पीड़ित दुकानदार नें जब दुकान खोली तो चोरी की घटना का पता चला। उसने आस पडौस में बताया तो पता चला की पास में ही शकील पुत्र खुरशेद की परचून की दुकान से भी आठ हजार रूपये और गुटको के पैकेट चोरी हुये है। इसके अलावा बिलाल पुत्र तोहिद की दुकान म्यूजिक सिस्टम और सिगरेट के पैकेट चोरी हुए है, जब यह बात लोगो को पता चली तो वहा भीड़ इखट्टा हो गयी। सूचना मिलते ही रटौल चौकी ईन्चाज भूपेन्द्र सिंह भी मौकें पर पहुंच जांच की। वही पीड़ित दुकानदारों ने रटौल पुलिस चौकी पर अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। उधर रटौल में दो दिन में लगातार चोरी होने से कस्बें के लोगो में आक्रोश बना हुआ है।

## नगर पालिका परिसर में कराया गया नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पालिका बागपत में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम अमर चंद वर्मा ने नामित सभासदों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।

कार्यक्रम में शासन से नामित सभासद नीरज मान, अमित जैन, अंकुर, डा.विनय त्यागी और आशीष सिंह को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। शपथ ग्रहण समारोह में नामित सभासदों ने अपने पद का सदउपयोग करते हुए अपने कर्त्तव्यों का पालन करने की शपथ ग्रहण की। इस मौके पर भाकियू दिल्ली एनसीआर सचिव प्रदीप धामा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, पूर्व मंत्री कुलदीप उज्जवल, सुखबीर सिंह गठीना, चेयरमैन राजुद्दीन, ईओ केके भड़ाना, वीरेंद्र राणा आदि मौजूद रहे।

## जिलापूर्ति कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ की नारेबाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसान मजदूर संगठन के कार्यर्ताओं ने शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर जिला पूर्ति कार्यालय मे हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपकर जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आकिल राजपूत का आरोप है कि जिला पूर्ति कार्यालय में फर्जीवाड़े जैसे राशन की दुकानों के आवंटन में गड़बड़ी, फर्जी हस्ताक्षर और आवश्यक दस्तावेजों को दबाकर रख दिया गया है। उनका कहना है कि कुछ कर्मचारी कोटेदारों से अवैध वसूली करते हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी देते है। कार्यकताओं ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तहसील समाधान दिवस में कुल 5 शिकायतें प्राप्त, कोई निस्तारण नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, तहसीलदार वर्तिका श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार अतुल रघुवंशी और क्षेत्राधिकारी रोहन चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जन समस्याएं सुनीं।

समाधान दिवस में कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें दो शिकायतें राजस्व विभाग, दो पुलिस विभाग और एक एसडीओ खेकड़ा से संबंधित थीं। क्षेत्र के कई फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। हालांकि, मौके पर किसी भी शिकायत का तत्काल निस्तारण नहीं हो सका। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी मामलों की नियमित निगरानी की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को एक ही मंच पर सुनकर उनका प्रभावी समाधान करना है। यह प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है।



### एक नजर

## तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्यां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतें सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए बागपत तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में 62 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सरल लाभ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से कैंप लगाया जाता है जिसमें पेंशन, दिव्यांग, राशन कार्ड आदि संबंधित विभाग को स्टाल लगाए जाते हैं और संबंधित लाभार्थी का प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाता है जिसमें तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाते है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। जिलाधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मानिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। अत: सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में आए संपर्को के निस्तारण की जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त संदर्भों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें कोई भी संदर्भ लंबित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, पुलिस क्षेत्राधिकार अधिशासी अधिकारी के के भड़ाना सहित आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद का कोई भी बच्चा विद्यालय से न रहे वंचित:जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'स्कूल चलो अभियान' को नई गति मिली। आज प्रदेश के मुख्यमंती योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी में अभियान के शुभारंभ एवं निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा इस अवसर पर निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पाठय पुस्तकों का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

जिलाधिकारी ने कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद का कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि घर-घर संपर्क स्थापित कर अधिकतम नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा बच्चों का विद्यालयों में नियमित ठहराव भी बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में चलाए गए। डोर-टू-डोर अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रमों एवं सामुदायिक सहभागिता के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिन्हें और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। अभियान के अंतर्गत शिक्षकों द्वारा गांव-गांव सर्वे, अभिभावकों से संवाद, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान तथा पुन: नामांकन की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। साथ ही, घर-घर विद्यादीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाएगा। कार्यक्रम में यह भी अवगत कराया गया कि परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पुस्तकालय एवं खेल सामग्री जैसी सुविधाओं के साथ-साथ निशुल्क यूनिफॉर्म, पाठयपुस्तकें, जूते-मोजे एवं मध्यान्ह भोजन जैसी योजनाएं बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके अतिरिक्त, जनपद में 'स्कूल चलो अभियान' को जनआंदोलन का रूप देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। गांव-गांव रैलियां, प्रभात फेरियां, दीवार लेखन, पोस्टर एवं ग्राम सभाओं के माध्यम से शिक्षा का संदेश आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

## जनपद के सभी अधिकारियों व शिक्षकों ने अभियान को सपफल बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहनों, स्वयंसेवी संगठनों एवं यूथ क्लबों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच बन सके। विशेष रूप से ऐसे बच्चों पर फोकस किया जा रहा है जो आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से विद्यालय से दूर हो गए हैं या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। इन बच्चों को पुन: मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष कक्षाओं, ब्रिज कोर्स एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को अपनाया जा रहा है, ताकि उनमें सीखने के प्रति रुचि विकसित हो और वे नियमित रूप से विद्यालय आएं। अभियान के तहत शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे घर-घर जाकर सर्वे करें, अभिभावकों से संवाद स्थापित करें और प्रत्येक बच्चे का नामांकन सुनिश्चित करें। साथ ही, विद्यालयों में बच्चों के अनुकूल वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर भी विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे नामांकन के साथ-साथ बच्चों का ठहराव भी सुनिश्चित हो सके। जनपद के सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं संबंधित विभागों ने एक स्वर में अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और बागपत को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी जनपद बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

## प्राइवेट स्कूलों की भारी-भरकम फीस के खिलापफ नागरिकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में शनिवार को निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा के व्यवसायीकरण और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ आज समाजसेवी मोहित चौहान और अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार महामंत्री के नेतृत्व में जागरूक नागरिकों एवं अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शुल्क विनियमन अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने और स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई है।

वरिष्ठ समाजसेवी मोहित चौहान ने कहा कि आज शिक्षा सेवा के बजाय व्यापार बन चुकी है। निजी स्कूल कमीशन के लालच में महंगी किताबें और यूनिफॉर्म किसी खास दुकान से खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य कर रहे हैं, जिससे मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के समक्ष प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखीं। NCERT पुस्तकें अनिवार्य हों- कक्षा 1 से 12 तक केवल NCERT-SCERT की पुस्तकें लागू की जाएं और निजी प्रकाशकों की महंगी किताबों पर तत्काल रोक लगे। सामग्री खरीदने की स्वतंत्रता अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। विक्रेताओं की सूची स्कूल की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक हो। फीस वृद्धि पर अंकुशरू जिला शुल्क नियामक समिति की अनुमति के बिनाऱीस न बढ़ाई जाए। वृद्धि दर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) + 5 प्रतिशत से अधिक न हो। यूनिफॉर्म में स्थिरता- स्कूल ड्रेस में कम से कम 5 वर्षों तक कोई बदलाव न किया जाए। छिपी हुई फीस पर रोक- वार्षिक उत्सव, कंप्यूटर लैब या विकास शुल्क के नाम पर होने वाली अवैध वसूली बंद हो। RTE में पारदर्शिता- शिक्षा के अधिकार के तहत निर्धन बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सुरक्षा मानक- डग्गामार या बिना फिटनेस वाले वाहनों को स्कूल परिसर में प्रवेश न दिया जाए। अधिवक्ता पुष्पेंद्र कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई स्कूल इन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाए, तो उस पर भारी आर्थिक दंड लगाया जाए और बार-बार उल्लंघन करने पर स्कूल की मान्यता रद्द की जाए। इस अवसर पर पूर्व बार अध्यक्ष ईश्वर सिंह एडवोकेट, मनीश मान एडवोकेट सिनोली, तेजवीर तोमर, विकास, वतन, संजीव प्रधान, संजीव पाल, सचिन चौहान, संजीव टांडा, निशांत तोमर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री इस्मा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

असलम पुत्र इस्माईल निवासी कब्रिस्तान वाली मस्जिद के पास कस्बा व थाना खेकड़ा जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र ताहिर व पुत्रवधू साहिबा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

महबूब पुत्र गाजू निवासी ग्राम जिवाना गुलियान थाना बिनौली बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मौ.मोमीन व पुत्रवधू रूकसाना से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मुस्तकीम पुत्र अमर खान निवासी ग्राम पलडा, थाना दोघट जनपद बागपत।

## सीबीएसई से मिली कक्षा 12 तक की मान्यता

**बहसूमा।** क्षेत्र के लिए यह गर्व और खुशी का विषय है कि दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा कक्षा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त हो गई है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अब उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त होगी। विद्यालय के प्रबंधक जसवंत सिंह सहोता एवं निदेशक डॉ. सिम्मी सहोता ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के निरंतर प्रयास और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों का विश्वास बनाए रखने और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आमिर खान ने बताया कि विद्यालय में आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय के चेयरमैन जसवंत सिंह सहोता ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे बच्चे उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे विद्यालय का भ्रमण करें और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दशमेश पब्लिक स्कूल, को एक बेहतर विकल्प के रूप में चुने। उन्होंने सभी अभिभावकों का स्कूल का सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## भारत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया प्रोडक्टः ट्रूकॉलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दुनिया में संचार को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, आज हर दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्पैम, स्कैम और अनचाहे संचार से निपटने में मदद की जरूरत है। 500 मिलियन यूजर्स के आंकड़े से जाहिर है कि लोगों को इसकी कितनी ज्यादा जरूरत है। साथ ही इसे यह भी पता चलता है कि लोग अपने संचार को सुरक्षित बनाने के लिए लोग ट्रूकॉलर पर कितना भरोसा करते हैं। ट्रूकॉलर को लगातार और भी ज्यादा स्मार्ट टेक्नोलॉजी और नई खूबियों के साथ मजबूत बनाना ही हमारा संकल्प है।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी , पिलाना ( बागपत )

पत्रांक: 08/लेखा/क्षेत्र पं./ 2026-27 | दिनांक 02.04.2026

## अल्प निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्र पंचायत पिलाना के द्वारा वर्ष 2025-26 एंव 2026-27 में राज्य वित्त आयोग/15 वाँ वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) / पंचम वित्त आयोग मद में प्रस्तावित / स्वीकृत कार्य कराने के लिये शासकीय विभाग में पंजीकृत फर्मो की शीलबन्द निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 17.04.2026 तक प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा की लागत धनराशि को खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से कैनरा बैंक पिलाना में स्थित खाता संख्या 85702200000855 जमा कर प्राप्त कर सकते हैं या सीधे कार्यालय जमा करा सकते है। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी. खण्ड विकास अधिकारी पिलाना बागपत के नाम से जमा करनी होगी व निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 100 रूपये का शपथ पत्र अनुबन्ध के रूप में देना हांगा। निविदा दिनांक 17.04.2026 की दोपहर 12:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. स. | विकास खण्ड का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत (लाख में.) | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि./15वां.वि.आ. | ग्राम पंचायत दत्तनगर में विभिन्न गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 9.99 | 1000 | 3 माह |
| 2 | रा.वि./15वां.वि.आ. | विकास खण्ड़ पिलाना में गेट एंव चार दीवारी निर्माण कार्य। | 5.11 | 600 | 3 माह |
| 3 | रा.वि./15वां.वि.आ. | ग्राम पंचायत सिंघावली अहीर में पानी की टंकी से लेकर श्याम यादव तकइंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य। | 9.90 | 1000 | 3 माह |
| 4 | रा.वि./15वां.वि.आ. | विकास खण्ड़ पिलाना में जलपान ग्रह कक्ष का निर्माण कार्य। | 6.50 | 700 | 3 माह |

**( अ.अभियंता )**
**ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,**
**बागपत।**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पिलाना, बागपत।**

# नगरपालिका की बोर्ड मीटिंग में सभासद ने आत्मदाह की दी चेतावनी, मोनू बजरंग ने कहा पहनेंगे भिखारी की ड्रेस, बनेंगे भिखारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** करीब छह महीने के लंबे अंतराल के बाद नगर पालिका की बोर्ड बैठक शुरू होते ही भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक की शुरुआत में ही सभासद विकास दयाल ने कड़ा विरोध जताते हुए बैठक रुकवा दी। उनका कहना था कि जब तक सभा स्थल पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की फोटो नहीं लगाई जाएगी, तब तक बैठक नहीं चलने दी जाएगी।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य महापुरुषों की तस्वीरें सभा स्थल पर लगी हैं तो बाबा साहब की फोटो क्यों नहीं लगाई गई। इस मुद्दे पर काफी देर तक गतिरोध बना रहा और बैठक स्थगित रही। बाद में जब



सभा स्थल पर बाबा साहब की फोटो लगाई गई, तब जाकर बैठक की कार्यवाही शुरू हो सकी। बैठक में कुल 41 सभासद मौजूद रहे, लेकिन शुरुआत से लेकर अंत तक माहौल गरमाया रहा। वहीं दूसरी ओर सभासदों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए जमकर हंगामा किया। विशेष रूप से कूड़ा उठान पर प्रस्तावित 50 रुपये शुल्क को लेकर सभासदों ने तीखा विरोध जताया। सभासद मोनू बजरंग ने इस प्रस्ताव को जनविरोधी बताते हुए साफ कहा कि इसे किसी भी कीमत पर पास नहीं होने दिया जाएगा। मोनू बजरंग ने कहा कि मैने भिखारियों वाली ड्रेस बनवा ली है और अगर हमारी मांग पूरी नहीं होती है तो आने वाली अगली बोर्ड मीटिंग में वो भिखारियों वाली ड्रेस पहनकर भिखारी बन के आयेंगे क्योंकि नगरपालिका ने भिखारी बनने पर मजबूर कर दिया है। मोनू बजरंग ने कहा, शहर की जनता आज दोहरी मार झेल रही है। एक तरफ बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है कि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घर से निकलने में डर महसूस कर रहे हैं, दूसरी तरफ नगरपालिका की लापरवाही ने हालात और खराब कर दिए हैं। हम लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अब जनता से कूड़ा उठाने के नाम पर 50 रुपये वसूली की बात की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। बैठक के दौरान एक सभासद ने तो अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज होकर आत्मदाह तक की चेतावनी दे डाली। उनका आरोप था कि नगर पालिका के पास सफाई के लिए पर्याप्त उपकरण और संसाधन नहीं हैं। साथ ही, जब जनता की समस्याओं को लेकर अधिकारियों से संपर्क किया जाता है, तो वे फोन तक नहीं उठाते, जिससे जनता में रोष बढ़ रहा है। लगातार हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिरकार बैठक में सभी प्रस्ताव पारित कर दिए गए, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों के बीच बढ़ती दूरी को उजागर कर दिया।

# समाधान दिवस में उमड़ी शिकायतों की बाढ़, तीनों तहसीलों में 102 मामले दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद की तीनों तहसीलों में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों की बाढ़ सी आ गई। गढ़मुक्तेश्वर, धौलाना और हापुड़ तहसीलों में कुल 102 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर 11 मामलों का निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने शेष शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाने के निर्देश दिए।

गढ़मुक्तेश्वर तहसील में जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कराया गया। जिलाधिक. ारी अभिषेक पांडे ने उपस्थित सभी



जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तहसील दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। वहीं, धौलाना तहसील में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी द्वारा की गई, जहां 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील में 18 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 5 मामलों का तत्काल समाधान कराया गया।

# आज होगी कांग्रेस की समीक्षा बैठक, संगठन को नई दिशा देने पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति तय करने को लेकर 5 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय सचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रदीप नरवाल कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर संगठन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और सभी से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि यह बैठक हापुड़ के गोल मार्केट स्थित पंडित छज्जूमल जी की धर्मशाला में आयोजित होगी, जहां दोपहर 12 बजे प्रभारी प्रदीप नरवाल कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। राकेश त्यागी ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल को लेकर कहा कि इस दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के साथ-साथ संगठनात्मक ढांचे को सक्रिय बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। कई नए साथियों को जोड़ा गया, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाई गई और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाया गया। चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन हमने उनसे पीछे हटने के बजाय सीख लेकर आगे बढ़ने का काम किया। हमारा उद्देश्य केवल संगठन को चलाना नहीं, बल्कि उसे जनपद में एक मजबूत और प्रभावी ताकत



बनाना है। आने वाले समय में कांग्रेस जनपद हापुड़ में एक नई ऊर्जा और नई सोच के साथ काम करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं, ताकि संगठन को और अधिक मजबूती दी जा सके। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी पति अरुण वर्मा, एससी-एसटी कांग्रेस के प्रदेश सचिव नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग, जिला महासचिव इकबाल प्रधान, मनोज कौशिक, जस्सा सिंह, महबूब अली समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईजीआरएस शिकायतों पर सख्त हुए डीएम, बोले गुणवत्ता से करें निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निपटारा केवल औपचारिकता न बनाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों और उनके निस्तारण की समीक्षा की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल की लगातार शासन स्तर से निगरानी की जाती है और शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के आधार पर



जनपद की रैंकिंग तय होती है। ऐसे में यदि शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं किया गया तो इससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित होगी, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग आईजीआरएस पोर्टल पर खराब दिखाई दे रही है, वे तत्काल सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि हर शिकायत के निस्तारण से पहले संबंधित शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसकी समस्या को पूरी तरह समझा जाए और उसे संतुष्ट किया जाए। इसके बाद ही निस्तारण की आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। जिलाधिक. ारी ने स्पष्ट किया कि केवल कागजी कार्रवाई पूरी कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायत का वास्तविक समाधान होना जरूरी है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने दोहराया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हर शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि जनपद की छवि बेहतर बने और आमजन को समय पर न्याय मिल सके।

# हापुड़ में धूमधाम से मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में महर्षि कश्यप जयंती का पर्व इस वर्ष बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। दिल्ली रोड स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन महर्षि कश्यप निषाद युवा जागृति संस्था द्वारा किया गया, जिसमें कश्यप समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

समारोह के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हापुड़ में जिस उत्साह और एकजुटता के साथ महर्षि कश्यप जयंती मनाई गई है, वह समाज की जागरूकता और संगठन शक्ति को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने और उनके सम्मान को बढ़ाने का आहवान किया। राजनी. तिक मुद्दों पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 और 2022 में उत्तर प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को भारी समर्थन दिया है और उन्हें पूरा विश्वास है कि 2027 के विधानसभा चुनावों में भी पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष हमेशा बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन जनता सच्चाई को भलीभांति समझती है। आम आदमी पार्टी पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी ने अपने ही साथियों को किनारे कर दिया है, जिसके चलते वह आज कमजोर स्थिति में पहुंच गई है और भविष्य में उसे और नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस अवसर पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, जेपी कश्यप, दलजीत कश्यप, अंकित कश्यप, मदन मस्ताना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत उबारपुर में जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के ग्राम उबारपुर में मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उपनिरीक्षक व कर्मियों ने महिलाओं को बताया कि सरकार उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर वे अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकती हैं। महिलाओं को महिला सहायता हेल्पलाइन और डायल



112 आपातकालीन सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में इन हेल्पलाइन नंबरों का तुरंत उपयोग करें, ताकि समय पर मदद मिल सके। इस मौके पर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में जागरूकता बढ़ रही है और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हो रही हैं।

## एक नजर

### फैक्टरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला 20 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर फैक्टरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने का आरोप है और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार वांछित/फरार चल रहे इस इनामी अपराधी को सिकन्दरपुर गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विनीत चौहान उर्फ मोनू पुत्र राजेश चौहान निवासी ग्राम सलारपुर, थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने फैक्टरी लगाने का झांसा देकर लोगों से ठगी की थी, जिसके बाद उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। लगातार फरार रहने के कारण उस पर 20,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा काफी समय से आरोपी की तलाश की जा रही थी और गुप्त सूचना के आधार पर उसे दबोचने में सफलता मिली।

### हाईवे पर तेल चोर गिरोह का पर्दाफाश, 200 लीटर डीजल के साथ दो गिरफ्तार, अवैध असलहा भी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने हाईवे किनारे खड़े वाहनों से तेल चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 200 लीटर चोरी का डीजल, चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, घटना में प्रयुक्त कैन्टर वाहन और अवैध असलहा बरामद किया है।

थाना प्रभारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पलवाड़ा रोड स्थित बिजलीघर के पीछे जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हाईवे किनारे खड़े ट्रकों और अन्य भारी वाहनों से मौका देखकर डीजल चोरी करते थे और उसे आगे बेच देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गुल्लु पुत्र मोहम्मद जामिल निवासी मिलन पैलेस के पास, समर गार्डन 60 फुटा रोड थाना लिसाड़ी गेट जनपद मेरठ तथा नौशेर पुत्र नूर मोहम्मद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 200 लीटर डीजल, तेल चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त कैन्टर, एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी का कहना है कि यह गिरोह काफी समय से हाईवे पर सक्रिय था और सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों को निशाना बनाता था। गिरोह की गिरफ्तारी से इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगने की उम्मीद है। थाना गढ़मुक्तेश्वर में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। थाना बाबूगढ़ पुलिस ने सूचना के आधार पर कस्बा बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र से दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजू पुत्र राम सिंह तथा मोईन पुत्र सदाकत जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरो. पियों ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी का कहना है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भड़काऊ टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। थाना बाबूगढ़ में दोनों आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर, 650 ग्राम नशीला पदार्थ व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 650 ग्राम अवैध गांजा और बिक्री से प्राप्त नकदी बरामद की है।

थाना प्रभारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बदनौली वाले रास्ते पर रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध गांजा और नकदी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी द्वारा गांजा बेचने की बात स्वीकार की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला बृह्मनान चाहकमाल थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 650 ग्राम गांजा और 3550 रुपये नकद बरामद किए, जो कि नशीले पदार्थ की बिक्री से प्राप्त बताए जा रहे हैं। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# वरिष्ठ चित्रकार पवन कुमार ने डीएम को भेंट की विशेष पेंटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में कला को सम्मान देने की एक सराहनीय पहल के तहत वरिष्ठ चित्रकार पवन कुमार ने जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को अपनी एक विशेष पेंटिंग भेंट की। इस अवसर पर कला और प्रशासन के बीच एक सकारात्मक संवाद का संदेश भी देखने को मिला।

चित्रकार पवन कुमार द्वारा भेंट की गई पेंटिंग केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि हापुड़ की सांस्कृतिक पहचान और कला की जीवंतता का प्रतीक है। उन्होंने अपनी कला के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि कला समाज को जोड़ने और उसकी भावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने इस अवसर पर पवन कुमार



की कला यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि कला वह दर्पण है, जिसमें समाज स्वयं को पहचानता है। उन्होंने कलाकार की प्रतिभा और उनके निरंतर प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देती हैं। चित्रकार पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लगभग 150 ऑनलाइन और ऑफलाइन सामूहिक प्रदर्शनियों में भाग लिया है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने 50 से अधिक ऑनलाइन प्रदर्शनी और कार्यशालाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनकी कला देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सराही जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि अपनी कला के माध्यम से समाज और देश की संस्कृति को नई पहचान दी जाए। पवन कुमार की यह पहल न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि हापुड़ के कला जगत के लिए भी गर्व का विषय है।

# कंकरखेड़ा में हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ। कंकरखेड़ा क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कंकरखेड़ा व्यापार संघ द्वारा मैन बाजार स्थित अजंता पैलेस में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को चाट-कुलचे, आलू चाट, टिक्की सहित विभिन्न व्यंजनों का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। भंडारे का उद्घाटन कंकरखेड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष नीरज मित्तल द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय बना रहा और पूरे क्षेत्र में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश खन्ना, मिंटू गर्ग, अनुज शाक्य, कारण चावला, बबिता खन्ना, ठाकुर जतिन सिंह, अमित गुप्ता, मनमोहन हरदोई, शुभम त्रिपाठी, कृष्ण कुमार वैध सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

# दूसरे समुदाय की नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक और उसके सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को संजीव पुत्र दुर्गा प्रसाद अपने साथी चमन सिंह पुत्र भूरे की मदद से दो दिन पहले रात में किसी समय बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो लड़की घर में नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

पीड़ित पिता का यह भी आरोप है कि आरोपी पहले भी उनकी पुत्री को एक बार बहला-फुसलाकर ले जा चुका है, और अक्सर धमकी देता था कि मौका मिलते ही वह उसे फिर भगा ले जाएगा। इसी आशंका के चलते परिवार पहले से डरा हुआ था। वहीं, पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों के बीच पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मामले को लेकर पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया है। उसे आवश्यक कार्यवाही के तहत नारी निकेतन भेज दिया गया है। वहीं, आरोपी युवक अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कूड़ा उठाने वाली कंपनी पर 10.38 लाख जुर्माना

**■ सात दिन में नहीं चली 157 गाड़ियां, 1. 29 लाख घरों से नहीं उठाया कूड़ा**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम ठीक से नहीं किया जा रहा। ये कार्य एग्रीमेंट पर एजी इनवायरो इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से किया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि दो महीने की मॉनिटरिंग के बाद कार्य में लापरवाही सामने आई। ऐसे में कंपनी पर 10 लाख 38 हजार 290 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि यदि ऐसा रहा तो एग्रीमेंट निरस्त भी किया जा सकता है। प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर कहा कि कंपनी द्वारा डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ी पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाई गई हैं। गाडियां लगी भी है उनमें से 25 प्रतिशत खराब है। खराब गाड़ियों की मरम्मत एजेंसी द्वारा नहीं कराई जा रही। साथ ही डोर टू डोर कलेक्शन के लिए अतिरिक्त गाड़ियां नहीं लगाई गई। नियमित रूप से गाड़ियां नहीं आने के कारण लोग इधर-उधर खाली स्थानों पर व मुख्य मार्गों पर कूड़ा फेंक रहे है। इस कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जिसकी लगातार शिकायत मिल रही है।

**सात दिन में 157 गाड़ियां नहीं चली:** प्राधिकरण ने एग्रीमेंट के अनुसार दो प्रकार से जुर्माना लगाया। पहला 25 मार्च से 31 मार्च 2026 तक 157 गाड़ियां सड़क पर कूड़ा उठाने के लिए नहीं चली। बता दे सभी गाड़ियां जीपीएस से कनेक्ट है। इसलिए उनके मूवमेंट की जानकारी प्राधिकरण को रहती है। ऐसे में प्राधिकरण ने गाड़ियां नहीं चलने पर कुल 3 लाख 92 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया।

**सात दिन में एक लाख घरों से नहीं उठा कूड़ा:** इसके अलावा 25 मार्च से 31 मार्च तक कंपनी ने 1 लाख 29 हजार 158 घरों से कूड़ा नहीं उठाया। प्रति मकान पेनाल्टी के हिसाब से 6 लाख 45 हजार 790 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यानी कुल मिलाकर 10 लाख 38 हजार 290 रुपए कंपनी को देना होगा। साथ ही भविष्य में नियमित सेवा देने के लिए नियमों के अनुसार कार्य करना होगा।

# 350 एकड़ का मेडिकल डिवाइस पार्क दो साल देरी से बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना दो साल के विलंब से दिसंबर 2026 तक पूरी होगी। इस परियोजना को 2024 अंत तक पूरा होना था, लेकिन जमीन अधिग्रहण आदि में अतिरिक्त समय लगने के कारण अब यह परियोजना इस साल दिसंबर तक पूरी होने की उम्मीद है। मेडिकल डिवाइस पार्क में बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स आधारित चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन होना शुरू हो जाएगा। निर्धारित समय अवधि में मेडिकल डिवाइस पार्क में औद्योगिक इकाई का निर्माण न करने वाले आवंटियों पर भी जुर्माने की कार्रवाई होगी।

मरीजों के उपचार के लिए चिकित्सा उपकरणों के आयात पर निर्भरता को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न प्रांतों में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश के पहला मेडिकल डिवाइस पार्क यीडा के सेक्टर 28 में साढ़े तीन सौ एकड़ में विकसित किया जा रहा है।।मेडिकल डिवाइस पार्क में सुविधाएं विक. सित करने के लिए केंद्र सरकार ने सौ करोड़ रुपए दिया है। अभी तक इस पार्क में 101 भूखंडों का आवंटन हो चुका है। सीमेंस, जीई जैसी कंपनियों को औद्योगिक इकाई लगाने के लिए यीडा आमंत्रित कर चुका है।

**उत्पादन न शुरू करने पर शुल्क वसूला जाएगा:** मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए भूखंड दरें यीडा की औद्योगिक दरों के सापेक्ष काफी कम हैं। आवंटियों को भूखंड पर कब्जा मिलने के दो साल में इकाई का निर्माण कर उत्पादन शुरू करने की शर्त है, लेकिन अभी एक दो इकाई ही क्रियाशील हो पाई हैं। निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूरा कर उत्पादन शुरू न करने वाले आवंटियों से प्राधिकरण विलंब शुल्क वसूल करेगा।

प्राधिकरण ने दिसंबर 2026 तक मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना को पूरा करने के लिए केंद्रीय फार्मास्युटिकल विभाग ने समय विस्तार मांगा है। प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में जमीन अधिग्रहण, आवंटन एवं ढांचागत सुविधाएं विकसित करने में अतिरिक्त समय लगा है।

## गौतमबुद्धनगर में असमय वर्षा-ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्धनगर और एनसीआर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही असमय वर्षा और ओलावृष्टि ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। तेज बारिश और ओलों के कारण गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलें बड़े पैमाने पर बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों के समक्ष गंभीर आर्थिक संकट हो गया है।

इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने प्रभावित किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की साल भर की मेहनत को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई परिवारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाए। इसका उद्देश्य फसलों के नुकसान का सटीक आकलन करना और पात्र किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि राहत वितरण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आवश्यकतानुसार एक विशेष राहत पैकेज की घोषणा करने का भी अनुरोध किया है, जिससे किसान इस संकट से उबर सकें। उन्होंने जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर को भी पत्र की एक प्रति भेजी है, जिसमें उनसे मौके पर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य शुरू कराने और किसानों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## कृषि भूमि पर अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी आजमपुर गांव में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। गांव के एक परिवार ने आरोप लगाया है कि उनकी खरीदी गई कृषि भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित पक्ष के कपिल ने बताया कि उन्होंने और उनके भाई सोनू ने वर्ष 2015 में यह जमीन खरीदी थी। बाद में उन्होंने इसे लगान पर दिया था। आरोप है कि जमीन लेने वाले व्यक्ति ने भरोसे का फायदा उठाते हुए गुरुवार रात को जमीन पर कब्जा कर लिया और निर्माण कार्य शुरू करा दिया। शुक्रवार को जब परिवार को इसकी जानकारी हुई, तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी भी हुई। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। इस वीडियो में परिवार ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# छपरौला गांव का आतंकी कनेक्शन, लोकेश-विकास कैसे रच रहे थे साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब यूपी एटीएस ने गांव के रहने वाले लोकेश उर्फ पपला पंडित और उसके दोस्त विकास गहलावत को आतंकी गति. विधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। लोग हैरान रह गए कि जिस युवक को वे सामान्य जिंदगी जीने वाला समझते थे, वह देश विरोधी गति. विधियों में शामिल था। गांव के लोग बताते हैं कि लोकेश ज्यादा मिलनसार नहीं था। अक्सर अपने ही काम में व्यस्त रहता था। ज्यादातर उसका समय अपने दोस्त विकास के साथ बीतता था। यह दोनों मजदूरी और वेटर का काम करते थे। दोनों नशे के आदि थे। हालांकि किसी को भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह इतने बड़े नेटवर्क से जुड़ सकते हैं।

यूपी एटीएस की जांच में यह बात सामने आया कि लोकेश व विकास दोनों पाकिस्तानी हैंडल के संपर्क में थे। उसके निर्देश पर दोनों काम कर रहे थे। जांच एजेंसियों को शक है कि इस नेटवर्क का मकसद देश में अशांति फैलाना था। खासकर विधानसभा चुनाव से पहले माहौल बिगड़ने की साजिश रची जा रही थी। पूछताछ में सामने आया कि लोकेश और उससे जुड़े अन्य लोग भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाकर रेकी करते थे। यह भी जानकारी मिली है कि ये लोग नेताओं की रैलियों और बड़ी जनसभाओं में शामिल होकर भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करते थे, ताकि किसी बड़ी साजिश को अंजाम दिया जा सके।

जांच के दौरान एक अहम जानकारी यह भी सामने आई कि लोकेश हाल ही में जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन के दौरान आयोजित बड़ी जनसभा में भी शामिल हुआ था। एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि वह




केवल अकेला इस जनसभा में शामिल हुआ था या कोई और भी साथ में मौजूद था। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर लोकेश की मौजूदगी की बात सामने आई है। माना जा रहा कि यह सभी गतिविधियां रेकी का हिस्सा थीं, जिसके जरिए नेटवर्क को जरूरी जानकारी मिली थी।

**लोकेश कैसे जुड़ा आतंकी नेटवर्क से?:** लोकेश और विकास का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। लोकेश ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं था। छोटे-मोटे काम करके अपना गुजारा कर रहा था। वह ज्यादातर विकास के साथ रहता था, क्योंकि विकास और लोकेश दोनों वेटर और मजदूरी का काम करते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, लोकेश पैसों के लिए किसी भी तरह का काम करने को तैयार रहता था। धीरे-धीरे उसकी यह आदत उसे गलत संगत में ले गई। माना जा रहा कि इसी दौरान वह साकिब उर्फ डेविल और अरबाब के संपर्क में आया, जिन्होंने उसे आतंकी नेटवर्क से जोड़ दिया। जांच एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि उसका संपर्क सोशल मीडिया या किसी स्थानीय लिंक के जरिए हुआ या फिर किसी ने उसे सीधे इस नेटवर्क में शामिल किया।

**क्या करता थे लोकेश और विकास?:** यूपी एटीएस की पूछताछ में यह भी सामने आया कि लोकेश और उसके साथ जुड़े लोग सीधे तौर पर किसी वारदात को अंजाम देने के बजाय पहले जानकारी जुटाने का काम करते थे। लोकेश और विकास यह दोनों ग्रेटर नोएडा में रहकर आसपास के इलाकों में नेताओं की रैलियों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, आयोजनों और रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों पर जाकर रेकी करते थे। वहां की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस की तैनाती और लोगों की आवाजाही की जानकारी इकट्ठा कर अपने नेटवर्क तक पहुंचाते थे। इस तरह की गतिविधियां किसी बड़ी साजिश की तैयारी का हिस्सा माना जा रही हैं, जिसे समय रहते एटीएस ने पकड़ लिया।

**कभी सोचा नहीं था बेटा ऐसा करेगा:** लोकेश के पिता पूरी तरह टूट चुके हैं। उन्होंने बताया कि कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि बेटा इस तरह के कामों में शामिल हो सकता है। परिवार की हालत भले ही खराब रही हो, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने बच्चों को सही रास्ते पर चलने की सीख दी। कुछ दिन पहले पुलिस घर आई थी और पूछताछ करके चली गई थी, लेकिन उस समय उन्हें मामले की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। वहीं विकास की मां सदमे में हैं। गांव के लोगों में डर और हैरानी दोनों का माहौल है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इतने बड़े नेटवर्क से जुड़े दोनों लोग उनके बीच कैसे रह रहे थे। किसी को भी इनकी भनक तक नहीं लगी।

फिलहाल एटीएस साकिब, अरबाब, लोकेश और विकास इन सबसे लगातार पूछताछ कर रही है। एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं, ताकि इसके अन्य सदस्यों और उनके मकसद का पता लगाया जा सके। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, इस मामले में और भी चौंकाने वाले खुलासे सामने आने की संभावना है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह नेटवर्क कितना बड़ा और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे?

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से एक की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-तीन थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुई घटना में पैदल जा रहे व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। दिल्ली के मयूर विहार फेज-तीन के जय अंबे अपार्टमेंट निवासी राम मनोहर ने पुलिस को बताया कि राम नारायण प्रसाद उनके ताऊ के लड़के थे। वह बिहार के जिला सिवान के टारी बाजार गांव का रहने वाले थे। वह सेक्टर-69 में ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। एक मार्च की शाम 6.30 बजे रामनारायण गढ़ी चौखंडी से घर के लिए जा रहे थे। वह सेक्टर-69 के गेट नंबर-दो के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। राहगीरों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान तीन मार्च को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### करंट से युवक की गई जान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** फेज-तीन थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी के गोदाम में छह माह पूर्व करंट से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कंपनी मालिक समेत दो लोगों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।जिला अलीगढ़ के कासिमपुर निवासी रूबी देवी ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पति संतोष असरा एक वर्ष से एक कैंटर पर बतौर सहायक का कार्य करते थे। वह 30 सितंबर 2025 को फेज-दो क्षेत्र से कैंटर पर सामान लादकर सेक्टर-69 स्थित ट्रांसपोर्ट पर पहुंचे थे। कैंटर सड़क किनारे खड़ा था। फर्म के मालिक रोहित अग्रवाल और सत्यवीर सिंह गोदाम के अंदर गए थे। रात करीब 11.30 बजे गोदाम में सीवर पर रखी लोहे की जाली पर संतोष ने पैर रख दिया। जाली पर विद्युत करंट आ रहा था। करंट लगने से संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने संतोष को मृत घोषित कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि फर्म मालिक की गलती से उनके पति की जान चली गई। पुलिस के शिकायत दर्ज नहीं करने पर उन्हें कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फ्लैट में बुजुर्ग को बेहोश कर सोने की चेन ले भागी महिला

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी में शुक्रवार को बुजुर्ग को बेहोश को एक महिला सोने की चेन लेकर भाग गई। इस दौरान फ्लैट में चोरी करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक गौर सिटी दो स्थित आम्रपाली गोल्फ होम्स किंग्सवुड सोसाइटी में धर्मेंद्र कुमार मिश्रा परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को किसी काम से बाहर गए थे। उनकी पत्नी भी अपनी कंपनी में ड्यूटी करने गई थी।

घर में बुजुर्ग मां शांति मिश्रा और छह माह की बच्ची थी। शुक्रवार की शाम 3:30 बजे एक महिला उनके फ्लैट पर पहुंची। महिला ने उनकी मां से कहा कि उसे उनकी बहू ने भेजा है। वह घर का काम करेगी। फ्लैट अंदर से देखने के बहाने आरोपी महिला ने दरवाजा खुलवाया। अंदर घुसते ही उनकी मां को कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गईं। आरोपी ने उनके गले से सोने की चेन निकाल ली। इसके बाद घर में चोरी का प्रयास किया और मौका पाकर फरार हो गई। एक घंटे बाद घर में मासूम बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उनकी मां को होश आया और उन्होंने फोन कर बेटे घटना की जानक. ारी दी। पुलिस ने भी सूचना मिलने पर मौके पर जांच की, पर आरोपी का सुराग नहीं लग सका। बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि धर्मेंद्र कुमार मिश्रा की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

**सुरक्षा पर सवाल:** सोसाइटी के लोगों में दिनदहाड़े फ्लैट में बुजुर्ग महिला के साथ घटना के बाद से डर का माहौल है। लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है महिला फ्लैट में अंदर घुसकर घटना को अंजाम देकर कैसे आसानी से निकल गई।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा के गांवों तक पहुंचाई जाएगी पीएनजी

**■ अब तक 300 से ज्यादा सोसायटी हुईं एलपीजी फ्री**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** एलपीजी गैस की दिक्कत के बीच केंद्र सरकार पीएनजी कनेक्शन के लिए आमजन को प्रोत्साहित कर रही है। इसी कड़ी में गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने आइजीएल के साथ मिलकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सोसायटियों के साथ पी सेक्टर व प्राधिकरण अधिकार क्षेत्र के गांवों को एलपीजी फ्री करने की योजना बनाई है।

300 से अधिक सोसायटियों को एलपीजी फ्री किया जा चुका है। कई सोसायटियों में पीएनजी लाइन बिछी होने के बावजूद लोगों ने कनेक्शन नहीं लिया हुआ है। ऐसे घरों में एलपीजी सिलिंडर को सरेंडर करा पीएनजी कनेक्शन दिया जा रहा है।

40-50 **सोसायटियों में पीएनजी लाइन बिछाना बाकी:** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की मानें तो 40 से 50 सोसायटी शेष रह गई हैं




जिनमें पीएनजी लाइन बिछाना शेष है। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने सख्त निर्देश दिए हैं कि पीएनजी कनेक्शन में किसी भी तरह की बाधा न आए, जो भी अड़चन है उन्हें दूर किया जाए।

**पीएनजी लाइन के लिए एनओसी मांगी:** इसको लेकर बृहस्पतिवार को आइजीएल के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक भी हुई, जिसमें आइजीएल ने सोसायटी से लेकर सेक्टर व प्राधिकरण अधिकार क्षेत्र के गांवों में पीएनजी की लाइन बिछाने के लिए एनओसी मांगी है। खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उसके बाद जिले के देहात यानी पंचायती राज व्यवस्था वाले गांवों को भी पीएनजी की आपूर्ति करने के लिए लाइन बिछाने की योजना है।

**गैस की किल्लत के बीच बनाई रणनीति:** दरअसल ईरान व इजरायल अमे. रिका युद्ध के चलते देश में लोगों को गैस की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। घरेलू गैस सिलिंडर लेने के लिए लोगों को कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर तेल कंपनियों व आइजीएल के प्रति. निधियों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक कर रणनीति तैयार की है।

**जिले के हर कोने में पीएनजी पहुंचाने की तैयारी:** जिला प्रभारी पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि जिले के हर कोने में पीएनजी उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन काम कर रहा है। 300 से अधिक सोसायटियों में पीएनजी की लाइन बिछाई जा चुकी है। 40 से 50 सोसायटी शेष रह गई हैं, जहां पीएनजी लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण अधिकार क्षेत्र के गांवों में भी जल्द पीएनजी की लाइन बिछाने की योजना है।

## फार्म हाउस से लाखों की चोरी

**■ सोलर सिस्टम सहित अन्य कीमती सामान चुरा ले गए, जांच में जुटी पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक फार्म हाउस से लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया। सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव स्थित इस फार्म हाउस का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पारसौल गांव के रहने वाले राजवीर मलिक ने पुलिस को बताया- उनका सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव में एक फार्म हाउस है। वे महीने में केवल एक-दो बार ही वहां जाते हैं। शनिवार सुबह जब राजवीर मलिक फार्म हाउस पहुंचे, तो उन्होंने ताला टूटा हुआ पाया और अंदर से सामान गायब मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चोरों ने शुक्रवार रात फार्म हाउस का ताला तोड़ा और अंदर घुसकर सोलर सिस्टम सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। आरो. पियों तक पहुंचने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बाजार में दो पक्ष आपस में भिड़े, युवकों ने एक-दूसरे को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के मुख्य बाजार में शनिवार सुबह दो पक्षों के युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान बाजार में अफरातफरी मच गई और कई दुकानदारों का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। यह पूरी घटना पास की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, युवकों के बीच किसी बात को लेकर कहा. सुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के युवक एक-दूसरे पर हमला करते हुए आसपास की दुकानों में भी घुस गए। इससे दुकानों में रखा सामान टूट गया और व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। मारपीट के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद बाजार में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बना रहा। मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अनियंत्रित हाइवा ने दो कारों को टक्कर मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में शनिवार देर रात एक अनियंत्रित हाइवा ने अस्पताल के बाहर खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि घटना के समय कारों में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना रात करीब दो बजे हुई। बिलासपुर निवासी शोभित और चंद्रपाल अपने एक मरीज को लेकर मुख्य सड़क स्थित अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी कारें अस्पताल के बाहर सड़क किनारे खड़ी की थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा अनियंत्रित होकर इन दोनों कारों से जा टकराया। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि अस्पताल में मौजूद लोग तुरंत बाहर आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हालांकि, हाइवा चालक मौके से फरार नहीं हुआ और उसने पीड़ितों का सहयोग किया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

# पेट्रोल पंप पर गाड़ियों में भरा पानी

**■ दस वाहन के इंजन में खराबी, नाराज ग्राहकों का हंगामा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक पेट्रोल पंप पर गाड़ियों में पेट्रोल की जगह पानी भर जाने का मामला सामने आया है। इस घटना के कारण 10 वाहन खराब हो गए, जिसके बाद ग्राहकों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया।

यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर पाई वन स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शनिवार दोपहर को हुई। कई लोग अपनी



गाड़ियों और मोटरसाइकिलों में पेट्रोल भरवाकर वहां से निकले, लेकिन कुछ ही दूरी पर जाकर उनके वाहन अचानक बंद पड़ गए।

वाहन खराब होने के बाद ग्राहक वापस पेट्रोल पंप पर लौटे और कर्मचारियों व मैनेजर से शिकायत की। जांच करने पर पता चला कि पेट्रोल पंप के टैंक में लीकेज के कारण पानी चला गया था, और वही पानी वाहनों की टंकी में भर गया था। इस खुलासे के बाद ग्राहकों ने पेट्रोल पंप पर हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने हस्तक्षेप कर लोगों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू की।

घटना के कारण 4 कारें और 6 मोटरसाइकिलें खराब हो गईं। कई वाहनों को मौके पर ही मैकेनिक बुलाकर ठीक कराना पड़ा। ग्राहकों ने मुआवजे की मांग की, जिस पर पेट्रोल पंप के मैनेजर ने सहमति जताई। फिलहाल, कई खराब वाहन अभी भी पेट्रोल पंप पर ही हैं और उन्हें ठीक किया जा रहा है। इस पूरे मामले की जांच के लिए जिला पूर्ति विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल कर रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

## बारह हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे सप्तम ने आज हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दस फरवरी को वादी ईमामुद्दीन पुत्र जाबिर अहमद निवासी मौहल्ला ईमामबाड़ा, थाना शेरकोट द्वारा थाने में तहरीर दी कि किसी ने उसके पुत्र की हत्या कर दी है। इस संबंध में थाना शेरकोट पर मुकदमा अपराध संख्या 20/19 धारा 302/201 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में अभियुक्त मोनू उर्फ फरमान पुत्र मसाहिद निवासी उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा विवेचना उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया।

उक्त अभियोग में बिजनौर पुलिस, मॉनिटरिंग सैल एवं अभियोजन द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न कराई गई। जिसके परिणामस्वरूप आज न्यायालय एडीजे-07 जनपद बिजनौर द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त मोनू उर्फ फरमान उपरोक्त को आजीवन कारावास व 12 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उल्लेखनीय है कि अभियुक्त मोनू उर्फ फरमान थाना शेरकोट का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त है, जिसके विरूद्ध थाना शेरकोट पर गंभीर धाराओं के अभियोग पंजीकृत है।

# जीआरपी चौकी न होने बढ़ा डर

**नगीना।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं के चलते यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। स्टेशन के पुनर्निर्माण के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक से जीआरपी चौकी हटाकर दूर जर्जर कॉलोनी में शिफ्ट कर दी गई है। जिससे सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

रेलवे पुलिस की तमाम सख्तियों के बावजूद यात्रियों के निकास द्वार पर बाइक और ई-रिक्शा चालकों द्वारा अवैध रूप से पार्किंग करने से ट्रेनों से उतरने वाले यात्रियों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि शुक्रवार सुबह जीआरपी प्रभारी ने सादे कपड़ों में औचक निरीक्षण किया और रास्ते में खड़ी आधा दर्जन बाइकों के मोबाइल से चालान काटे। रेलवे पुलिस का स्टाफ कम होने के कारण प्लेटफॉर्म पर पुलिस की अनुपस्थिति में यात्रियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का मामला गरमा रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के करीबी संजय त्यागी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी का मामला गरमा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा जिला अध्यक्ष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर किए जाने की जानकारी जैसे ही पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को मिली, तो उनमें रोष फैल गया। वरिष्ठ नेता महेन्द्र धनौरिया, मोहित राजपूत, रजनी चंद्रा, अनिता जैन अग्रवाल, रॉबिन चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी आदि ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के विरुद्ध इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी करना बिल्कुल गलत है। वह हमारे जिला अध्यक्ष है और



## भाजपा नेता कर रहे आलोचना

सभी उनका सम्मान करते हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी के ऊपर सोशल मीडिया के माध्यम से जिस तरह आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, वो कतई स्वीकार्य नहीं है।

सूत्रों का कहना है कि इस टिप्पणी के सामने आने के बाद पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह की जबरदस्त किरकिरी हो रही है। जनपद में आम चर्चा है कि वह व्यक्तिगत लड़ाई लड़ रहे हैं।

दूसरी तरफ संजय त्यागी फिर एक पोस्ट की है। जिसमें कहा गया है कि मेरे द्वारा एक पोस्ट कल की गई थी। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं को बुरा लगा। लेकिन मैं भी इसी संगठन में काम कर चुका हूं। हमारे लोकप्रिय नेता पर हमला हुआ और संगठन के किसी व्यक्ति द्वारा उसकी कड़ी निंदा नहीं की गई। यह एक मेरे धैर्य और संयम से बाहर की बात थी। मेरी भावनाओं को क्षति पहुंची। इतनी बड़ा घटना का संगठन के कंमाडर को संज्ञान लेना चाहिए था। दूसरी ओर से दो सांसद, एक विधायक कुछ ताजे ताजे बने नेता माफियाओं का समर्थन कर रहे हैं। कुछ हमारे शुभचिंतक इस बात को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रश्न अब भी यही है कि आप मौन व्रत क्यों।

## एक नजर

### चोर नफीस व नाजिम गिरफ्तार



**बिजनौर।** ग्राम छितावर (किरतपुर) निवासी सुनील कुमार धीमान पुत्र दयानंद धीमान ने तहरीर दी थी कि ताला तोड़कर उसके घर से सामान चोरी कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने नफीस पुत्र रईस ग्राम गांगू नंगला, थाना हीमपुर दीपा एवं हाल निवासी अम्बेडकर चौक के पास टीचर्स कॉलोनी, चांदपुर व नाजिम पुत्र निजाम उर्फ नासिर निवासी मौहल्ला सराय रफी, फीना कॉलोनी, चांदपुर को गिरफ्तार कर सामान बरामद कर लिया है। दोनों चोरों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

### आरजेपी में शिक्षण कार्य शुरू




**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य गयूर आसिफ ने कहा कि वर्ष 2026 का शिक्षण सत्र एक अप्रैल से आरंभ हो गया है। विद्यालय में शिक्षण कार्य विधिवत आरंभ हो गया है। सभी छात्र समय से विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि शिक्षण केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात पर केंद्रित है कि ज्ञान को कैसे प्रभावी ढंग से शिक्षार्थी छात्रों तक पहुंचाया जाए। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार, सुधांशु वत्स, नरेंद्र कुमार, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, चंद्रहास सिंह, मनोज कुमार यादव, विनोद कुमार यादव, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, मौहम्मद अनस, विरेंद्र कुमार, करन वीर सिंह, अलका रानी, रश्मि चौहान, छवि गर्ग, कुमुंद चौहान, वाजिद हुसैन, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### नजीबाबाद में अरविंद गिरफ्तार

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने ग्राम दयालवाला, थाना मंडावर निवासी अरविंद पुत्र मुन्नू को गिरफ्तार किया है। कस्बा जलालाबाद के मौहल्ला गौतम नगर निवासी प्रेमवती पत्नी गोविंद ने अरविंद व उसके भाई धर्मेन्द्र सहित किरतपुर के ग्राम भरैकी निवासी सतीश पुत्र रामकिशन के विरुद्ध जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### हल्दौर में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** वादनी ने थाना हल्दौर में तहरीर दी थी कि एक किशोर ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी किशोर को पकड़ लिया। उसे बाल सुधार गृह मुरादाबाद भेजा गया है।

### बिजनौर में चोर पीयूष अरेस्ट

**बिजनौर।** शहर कोतवाली में बग्गा क्लॉथ हाउस के पास नई बस्ती में रहने वाले गोपाल पुत्र ओमचरण ने अपनी स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ग्राम तिमरपुर निवासी पीयूष पुत्र रणजीत को गिरफ्तार कर उससे स्कूटी बरामद कर ली है।

# सड़क हादसों तीन गंभीर रूप से घायल

## घायलों को सीएचसी पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जिनमें से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रैफर किया गया है। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

गुरुवार की रात धामपुर रोड पर स्थित एक पब्लिक स्कूल के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। ग्राम भूरापुर निवासी नाजुल (30 वर्ष) पुत्र रईसुल अपने साथी उस्मान (17 वर्ष) के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान गोयल नगीना के पास उनकी बाइक की भिड़ंत रोडवेज बस से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नाजुल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत सीएचसी नगीना पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया गया। वहीं उस्मान को मामूली चोटें आई हैं, जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

शुक्रवार को हुए एक और सड़क हादसे में नहटौर क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा निवासी सोनू (40 वर्ष) अपनी पत्नी सोनम (35 वर्ष) के साथ अपने साले के घर पटपड़ा गांवड़ी से लौट रहा था। पुलिस के अनुसार, सोनू शराब के नशे में था, जिसके कारण सिटी डिग्री कॉलेज के पास वह बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। चिकित्सकों ने सोनू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया, जबकि उसकी पत्नी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। शुक्रवार को ही एक अन्य सड़क हादसे में ग्राम तेलीपुरा निवासी चांद (29 वर्ष) पुत्र हरि सिंह अकबराबाद चौक के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि चांद शराब पीकर बाइक चला रहा था। इस हादसे में चांद को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है।

# सपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## तालिब खालिद मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के विधायकों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन सौंपकर कारोबारी तालिब खालिद प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कराने की मांग की है।



प्राप्त समाचार के अनुसार सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस मामले को लेकर लगभग 10 माह से बार-बार शिकायतें की जा रही हैं। कई जांचें हो चुकी हैं, फिर भी कुछ जांच लंबित हैं। एक ही प्रकरण को बार-बार उठाना न्यायसंगत नहीं है और इससे तालिब खालिद के परिवार को मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से निरंतर परेशानी हो रही है। यहां तक कि परिवार की महिलाओं को भी थानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जो सामाजिक मर्यादा के विरुद्ध है।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व धर्म और जाति के नाम पर इस मामले को उछाल कर व्यक्तिगत और राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे जनपद में शांति और भाईचारा प्रभावित हो सकता है। तालिब खालिद मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन में यह भी पूछा गया है कि पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह ने दावा किया था कि उनके तीन साथी कार्यकर्ता आरा मशीन पर थे और वे उन्हें शहीद नहीं होने देना चाहते थे। सपा कार्यकर्ताओं ने पूछा कि किस कानून के तहत वे तीन कार्यकर्ता और पूर्व सांसद जिला प्रशासन के वहां खड़े होने के बावजूद घटनास्थल पर गए और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ किया? एडीएम न्यायिक ने उन्हें फोन करके क्यों बुलाया? इसके अलावा ज्ञापन में थाना चांदपुर के ग्राम हैजरपुर में प्रशांत सैनी की पीट-पीटकर हत्या और उसके मलद्वार में ज्वलनशील पदार्थ डालकर क्रूर हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने पर सपा ने नाराजगी जताई। मांग की गई कि आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी हो और मृतक परिवार को न्याय मिले। साथ ही मृतक के आश्रितों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता दी जाए।

सपा नेताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि इन मामलों में विधि सम्मत कार्यवाही नहीं की गई, तो सपा जनहित और कानून व्यवस्था को लेकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। ज्ञापन देने वालों में सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख ज़ाकिर हुसैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. रमेश तोमर, विधायक मनोज पारस, विधायक तसलीम अहमद, विधायक राम अवतार सैनी, पूर्व विधायक नईम उल हसन, राशिद हुसैन, धनजय यादव, अमित चौहान, अखलाक पप्पू, दीपक सैनी, डा. रहमान, हनी फैसल, प्रभा चौधरी, वीके कश्यप, मदन लाल सैनी, सत्यपाल सिंह, डा. इरफान मलिक सैनी, कमलेश भुईयार, डा. लाखन पाल, महमूद कस्सार, पंकज विश्नोई, दारा सिंह, राधा सैनी, नसीम राणा देवानंद भुईयार, सुधीर राठी, अब्दुल वाहब, विमलेश चौधरी, मुंतज़िर, नईम मकरानी, सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिंदू कालेज में सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किरतपुर हिंदू इंटर कॉलेज में प्रिंसिपल प्रेमराज सिंह और पीटीआई सुधीर चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह आयोजित किया गया।

समारोह की शुरुआत दोनों शिक्षकों को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने के साथ हुई। उपस्थित सह-अध्यापकों ने प्रिंसिपल प्रेमराज सिंह के योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके कार्यकाल में विद्यालय ने शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की। पीटीआई सुधीर चौधरी की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में खेलों के क्षेत्र में विद्यालय का नाम प्रदेश स्तर पर अग्रणी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान दोनों सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए।

# लोकेशन ट्रैस होने पर दूल्हे को गिरफ्तार कर ले गई अम्बाला पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** लोकेशन ट्रैस होने पर दूल्हे को अम्बाला कैंट पुलिस गिरफ्तार कर ले गई है। अंबाला पुलिस द्वारा की गई इस गिरफ्तारी को किसी बड़ी आपराधिक घटना से जोड़ कर देखा जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला शाह विलायत निवासी परवेज अहमद पुत्र अरशद अहमद अम्बाला में रंग पेंट का काम करता है। बताते हैं कि परवेज अहमद की शादी पड़ोस के अकिल अहमद की बेटी से हुई थी। कल उसका दावते वलिमा हो गया था। इस दौरान एक मोबाइल की लोकेशन मंडावर में ट्रैस हो गई। यह मोबाइल दूल्हा अपने साथ लेकर आया था।

अम्बाला कैंट पुलिस द्वारा मोबाइल की लोकेशन मंडावर में ट्रैस की गई। जिसके बाद अम्बाला कैंट पुलिस मंडावर आ धमकी और स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मोबाइल की लोकेशन पर पहुंची। अम्बाला कैंट के उप निरीक्षक दौलतराम व दो पुलिस कर्मियों ने आरोपी परवेज को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार दूल्हे ने पुलिस को बताया कि उसने यह मोबाइल अम्बाला से एक मोबाइल शॉप से खरीदा है। जिसके बाद अम्बाला कैंट पुलिस गिरफ्तार परवेज को उस मोबाइल शॉप पर ले जाने की बात कह कर वापस चली गई। लोकेशन ट्रैस होने और मोबाइल सहित गिरफ्तार किए जाने की घटना को लोग किसी बड़ी वारदात से जोड़ कर देख रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक स्थानीय पुलिस इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाई।

# पांच दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## दिनदहाड़े चोरी का खुलासा नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** पांच दिन बीत जाने के बाद भी कपड़ा व्यापारी के यहां हुई लाखों रुपए की चोरी की घटना का खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि पुलिस सभी एंगल पर काम करने में जुटी है।

उधर दयानंद जनता इंटर कॉलेज के बाहर गेट पर लगा सीसीटीवी कैमरा चालू न होने के चलते भी ग्रामीणों में तीव्र रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी संस्था पर लगा सीसीटीवी कैमरा न केवल संस्था बल्कि गांव की सुरक्षा से भी बेहद जरूरी है। जो हर समय चलता रहना चाहिए। हालांकि प्रधानाचार्य योगेश कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष बोर्ड परीक्षा खत्म होने के बाद सीसीटीवी कैमरो को स्टोरेज फुल होने के डर से बंद कर दिया जाता है ताकि स्टोरेज को आगे इस्तेमाल किया जा सके। बता दें कि दयानंद जनता इंटर कॉलेज का कैमरा गांव की सुरक्षा को लेकर चलना बेहद जरूरी है। जिसे ग्रामीणों ने चलाने की मांग की है। हालांकि इंटर कॉलेज से आगे लगे एक कमरे में दो मुस्लिम महिलाएं चोरी हुए मकान की ओर से आते हुए बस स्टॉप की तरफ जाती हुई प्रतीत हो रही है, जो बस स्टॉप न पहुंचकर अचानक बस स्टॉप की तरफ से कुछ सैकेंडों में ही वापस मुड़कर चौराहे की तरफ चली जाती हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद फिर से एक बार चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

उधर चोरी खुलने की आस लगाए बैठे पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से भी घटनास्थल का निरीक्षण करने और अधीनस्थों को दिशा निर्देश देने की मांग की है। बंद घर में घुसने और चोरी करने के साहस से पीड़ित स्वयं भी हैरान है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से चोरी को खोलने की मांग की है।

# बार एसो. के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जजी परिसर स्थित स्व.श्री वीरेंद्र सिंह मैमोरियल बार हॉल में वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव में जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष/महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया।



समारोह की अध्यक्षता सीनियर अधिवक्ता गालिब हुसैन एड. ने की। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र सिंह को अध्यक्ष पद व मनोज कुमार एड. को महासचिव पद की शपथ दिलाई गई। बाकी सभी पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप कुमार एड., संयुक्त सचिव प्रशासनिक मोहित मलिक, कनिष्ठ उपाध्यक्ष तुषार चौधरी एड., कोषाध्यक्ष कविता चौधरी, संयुक्त सचिव सांस्कृतिक वंदना आजाद, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी नितिन कुमार एवं गवर्निंग काउंसिल के सीनियर व जूनियर सदस्यों को सामूहिक रूप से एक साथ शपथ दिलाई गई। शपथ समारोह में हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। बार हाल में एल्डर्स कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह राजपूत एड., धर्मपाल सिंह एड.एवं राजेंद्र सिंह एड. का सभी अधिवक्ताओं ने चुनाव को निष्पक्ष कराने के लिए धन्यवाद दिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह एड. ने विशेष रूप से नरेंद्र सिंह राजपूत एड. को इस चुनाव को कराने के लिए उन्हें लोह पुरुष की संज्ञा दी और मोमेंटम व शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिला बार एसोसिएशन के इतिहास में उनका स्वर्णिम अक्षरों में नाम दर्ज हो गया है। वकालत के व्यवसाय में तो पहले से ही सर्वश्रेष्ठ अधिवक्ताओं के रूप में उनकी ख्याति जनपद में फैली है, लेकिन इस गहमागहमी के माहौल में जो उनकी निष्पक्ष और निर्भीकता की छवि मिली है, वह अत्यंत प्रेरणादाई है। जिससे बिजनौर के अधिवक्ता कभी भुला नहीं पाएंगे।

जिला बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एड. ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया और अपनी जीत को आम अधिवक्ताओं की जीत बताया और सभी अधिवक्ताओं को एकता के सूत्र में बांधकर बार को शक्तिशाली और मजबूत बनकर बार एवं बेंच के मधुर संबंध को हमेशा बनाए रखने की बात कही। उन्होंने बताया कि जिस बार हाल में यह समारोह हो रहा है, इस बार हाल को उन्होंने ही बनवाने का काम किया था। अब इस बार हाल के ऊपर चेंबर और लाइब्रेरी बनाने का काम अपने इसी कार्यकाल में जरुर करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में जिला बार के पूर्व अध्यक्ष यशपाल सिंह एड., चरत सिंह एड., अजीत पवार एड., राजीव चौहान एड., एसके बबली एड., निरंकार सिंह एड., एवं सिविल बार के अध्यक्ष तारा सिंह एड., रेवेन्यू बार के अध्यक्ष अरविंद कुमार व ज्ञानेंद्र सिंह एड., नरेंद्र पाल सिंह एड., पूर्व सचिव नवदीप चौहान एड., विशाल अग्रवाल एड., देवेंद्र सिंह एड., अतुल विक्रम एड., वीरेंद्र पाल सिंह एड., अनुज चौधरी एड., विनय कुमार राणा एड., श्री घनश्याम सिंह एड. आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एड. तलहा मकरानी एवं मौहम्मद आदिल एड. ने संयुक्त रूप से किया।

# अपना सुधार ही समाज की सबसे बड़ी सेवा है : परमानंद द्विवेदी

**नजीबाबाद।** गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। तीन जनपदों के जिला समन्वयक, प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह ने अध्यक्षता की। शांतिकुंज प्रतिनिधि उ.प्र. समन्वयक परमानंद द्विवेदी, उमाशंकर डबराल, संतोष देवांगन ने मार्गदर्शन प्रदान किया। परमानंद द्विवेदी ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसेवी बने, परमार्थ परायण बने। कार्यकर्ता अहंकार से बचे। कार्यकर्ता जप ध्यान के माध्यम से अपना मन पवित्र करें। व्यक्ति निर्माण से परिवार निर्माण करें। अपना सुधार ही समाज की सबसे बड़ी सेवा है। नजीबाबाद जोन समन्वयक डीपी सिंह, मुजफ्फरनगर जिला समन्वयक आशीष मिश्रा, सहारनपुर जिला समन्वयक मदनलाल सैनी, बिजनौर जिला समन्वयक पुखराज सिंह, इंद्रदेव शर्मा ने अपने-अपने जनपद की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। ब्लॉक समन्वय समिति के समन्वयकों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट दी। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डा. दीपक ने संचालन किया। शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा व जितेंद्र सिंह ने सभी को पीत वस्त्र ओढ़ाकर ससाहित्य प्रदान किया। अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंडित सोमेश्वरदत्त शर्मा, मंजू त्यागी, सुमन वर्मा, सुरेश चौधरी, कलीराम, नरेश सैनी, रामपाल सिंह, अशोक कुमार, विजेंद्र सिंह राठी, अनुज गोयल आदि रहे।

# प्रतिबंधित दवा बेचने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला की एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने पहाड़ गंज स्थित मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली प्रतिबंधित दवाईयों को जब्त करके मोतिया खान में रहने वाले दुकानदार तुषार मल्होत्रा को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 60 बोतलें कोडीन कफ सिरफ,296 ट्रामाडोल कैप्सूल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी जब्त की है। पुलिस आरोपी से उसके बाकी नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 मार्च को एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने निहाल विहार इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं जब्त की थी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दुष्कर्म के मामले में चार दोषियों को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

**चन्दौसी।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने एक बालि. का के अपहरण, उसे बेचे जाने और कई वर्षों तक बंधक बनाकर शारीरिक शोषण करने के गंभीर मामले में अपना निर्णय सुनाया है। अदालत ने मामले की गंभीरता और साक्ष्यों के आधार पर चार अभियुक्तों को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए उन्हें कठोर कारावास और जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

बता दें कि यह पूरा प्रकरण अगस्त 2015 से शुरू होकर सितंबर 2019 तक चला। वादी (पीडिघ्ता के पिता) द्वारा थाना गुन्नौर में दी गई तहरीर के अनुसार, उनकी नाबालिग पुत्री 07 अगस्त 2015 को घर से नाराज होकर अपनी बुआ के घर जा रही थी। रास्ते में उसे सरोज (पत्नी सत्यपाल) नाम की महिला मिली, जिसने बालिका को नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा कर लिया। तहरीर के मुताबिक, सरोज ने बच्ची को 50 हजार रुपये में रामौतार यादव को बेच दिया। वहां बालिका को एक वर्ष तक बंधक रखा गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। वहां से किसी तरह भागने के बाद, उसे मुकेश मिला, जिसने उसे फिर से कैद कर लिया और मारपीट व मानसिक उत्पीड़न करते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। अंततः बालिका मुकेश के चंगुल से छूटी तो रामेश्वर उर्फ पुजारी ने उसे बंधक बना लिया। करीब चार साल तक नारकीय जीवन जीने के बाद, 04 सितंबर 2019 को बालि. का रामेश्वर के घर से भागकर अपने माता-पिता के पास पहुंची और आपबीती सुनाई।

पुलिस ने इस मामले में अपराध संख्या 388/2019 में भादंसं की कई धारओं, पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकेश कुमार पुत्र होतेलाल यादव निवासी गौशन्द नगर थाना बिल्सी, जिला बदायूं, सरोज पत्नी सत्यपाल निवासी चन्दौसी थाना गुन्नौर जिला संभल, सुल्तान सिंह पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम असमोली अहमदनगर थाना बिल्सी जिला बदायूं, ओमपाल पुत्र बालिस्टर निवासी दरियापुर थाना मुजरिया जिला बदायूं, रामेश्वर उर्फ पुजारी पुत्र बालिस्टर निवासी दरियापुर थाना मुजरिया जिला बदायूं व जवाहर लाल उर्फ जबरपाल पुत्र रामौतार निवासी समसपुर थाना मुजरिया जिला बदायूं के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि ओमपाल और जवाहर लाल उर्फ जबरपाल के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले, जिसके आधार पर उन्हें दोषमुक्त (बरी) कर दिया गया। साथ ही सभी अभियुक्तों को पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं से भी दोषमुक्त किया गया। हालांकि, भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की अन्य धाराओं के तहत मुकेश, सरोज, सुल्तान सिंह और रामेश्वर उर्फ पुजारी को दोषी पाया गया। मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट अधिक्ता नरेन्द्र कुमार यादव द्वारा की गई तथा कोर्ट पैरोकार हे0का0 राहुल कुमार शर्मा का सहयोग रहा।

न्यायालय द्वारा मुकेश, सरोज, रामेश्वर उर्फ पुजारी व सुल्तान सिंह को भादंसं की धारा 342 के अपराध के लिए 06-06 माह का कारावास एवं 500-500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया। धारा 370 के अपराध के लिए दोषियों को 07-07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10-10 हजार रु0 से दंडित किया गया। सरोज को धारा 328 भादंसं के अपराध के लिए 05 वर्ष का कारावास एवं 05 हजार रु0 के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियुक्तगण मुकेश व रामेश्वर उर्फ पुजारी को भादंसं की धारा 376 के अपराध के लिए 12-12 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## टाहनायक में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्कूली बच्चे को किया गया सम्मानित

**मूंढापाण्डे।** शनिवार को राज्य परियोजना उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में प्राथमिक विद्यालय टाहनायक ,विकासखंड मूंढापाण्डे में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान अभिनव प्रोग्राम आंगनबाड़ी बालक/बालिका प्रवेश एवं स्कूल चलो अभियान और बाल मेला का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज पीएम श्री विद्यालय मूंढापाण्डे के प्रिंसिपल एम. के. गौतम द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर प्रारंभ कियागया,कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान रहे कक्षावार सभी बच्चों को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर मुख्य द्वारा सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ योगराज सिंह द्वारा विद्यालय में रहे,ऑल ओवर उत्कृष्ट रहे संज्ञानात्मक



विकास/परीक्षा फल के आधार पर अंश कुमार, अजय कुमार,दीपिका और चंचल को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर और नामांकन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन रानी द्वारा किया गया। वार्षिकोत्सव अभिनव प्रयास बाल वाटिका और बाल मेला के कार्यक्रम में सहायक अध्यापक अभिजीत मलिक, पूनम मनो. हरीदेवी,आंगनबाड़ी कार्यकत्री वीर वाला यादव भूरी देवी,द्वारिका प्रसाद विजयपाल सिंह, सूरजा देवी, माया देवी आदि अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।

## बिलारी समाचार

### तहसील दिवस में आई 70 शिकायतों में छः का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में आज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें आई 70 शिकायतों में छ का मौके पर निस्तारण हुआ बाकी शिकायतों के निस्तारण को एडीएम ने एक सप्ताह का समय दिया है। बतादे कि आज तहसील समाधान दिवस में जिला अधिकारी को आना था लेकिन वह किसी कारण वश नहीं आ पाए उनकी जगह एडीएम प्रशासन ने आज समाधान दिवस की कमान संभाली जिसमें राजस्व और बिजली विभाग की काफी शिकायतें दर्ज की गई बाकी तो विभागों की एक दो करके शिकायत आई लेकिन उन्होंने सभी शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में किए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि निस्तारण के वक्त स्थलीय निरीक्षण के दौरान का फोटो गबाह के हस्ताक्षर और पीड़ित व्यक्ति का बयान भी लेना निस्तारण अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि फर्जी तरीके से यदि शिकायत निस्तारित हुई तो उन सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला स्तर के काफी अधिकारी मौजूद रहे।

### सुविधा शुल्क न देने पर मकान निरस्त करने का आरोप

कांठ( शाह टाइम्स) सुविधा शुल्क न देने पर दिव्यांग ने संबंधित विभाग पर उसके मकान को निरस्त किए जाने का आरोप लगाया है



मोहल्ला पट्टीवाला निवासी अरविंद कुमार पुत्र प्रेम शंकर का कहना था कि वह दिव्यांग है और मजदूरी करके भी अपना जीवन यापन करने में मजबूर है उसके मकान पर रिश्तेदार एवं सामाजिक लोगों ने टीन शेड डलवा दिया था किंतु बारिश के समय उसे अपने बच्चों के साथ रहने में काफी परेशानी होती है उसने सरकारी मकान हेतु आवेदन किया था किंतु सुविधा शुल्क न दिए जाने पर उसके मकान को निरस्त कर दिया गया पीड़ित आज तहसील पहुंचा और अधिकारियों से पुनः सरकारी आवास बनवाए जाने की मांग उठाई।

### सेंट मैरीज- डे एकेडमी में वार्षिक परीक्षा फल घोषित कर बच्चों को किया पुरस्कृत

**कांठ( शाह टाइम्स )** सेंट मैरीज-डे एकेडमी मोहल्ला पट्टीवाला में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त



करने वाले बच्चों को शील्ड एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। घोषित हुए वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं मैडल देकर बच्चों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 की छात्रा भावना ने 93.22 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। विद्यालय के प्रबंधक सुमित मुखर्जी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत से ग्रहण की गई शिक्षा ही भविष्य को सवारने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन से ही सफलता की कुंजी प्राप्त होती हैं।कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को विद्यालय की विशेषताओं के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पुलिस ने किया तीन का शांति भंग में चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने आज तीन लोगों का शांति भंग में चालान किया है बतादे की तहसील समाधान दिवस के दौरान कोई मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया और वहां से ही पुलिस उन्हें उठाकर थाने ले गई जहां से दीपक पुत्र रामबाबू निवासी मऊ मुरादाबाद



विककी कुमार पुत्र सोम सिंह निवासी जटपुरा थाना नजीबाबाद एवं हिमांशु पुत्र तेजपाल निवासी भीकनपुर असालतपुरा थाना छजलैट को पुलिस ने हिरासत में लिया सूत्रों का कहना था कि यह लोग डूडा के साथ जुड़कर काम करते थे लेकिन उनके द्वारा कुछ समय से अनावश्यक रूप से धन उगाई की जा रही थी जिसका मामला संज्ञान में आने के बाद इन्हें आज शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर चालान किया गया जहां से तीनो को जमानत भी मिल गई हालांकि चालान की असली वजह का पता आधिकारिक पुष्टि न होने के कारण नहीं चल पाया है।

### ब्राह्मण महिला सभा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा चन्दौसी के तत्वावधान में शनिवार को नगर कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा की संरक्षिका उर्मिला शर्मा, जिला सचिव आशा सारस्वत एवं सुमन मिश्रा द्वारा भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सूक्ष्म जलपान का आनंद लिया। समारोह में उर्मिला शर्मा, आशा सारस्वत, सुमन मिश्रा, रानी शर्मा, सुनीता शर्मा, माधुरी शर्मा, शिप्रा शर्मा, निर्मला मिश्रा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

## टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर कांठ से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचे शिक्षक

**कांठ (शाह टाइम्स)।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर दिल्ली के रामलील मैदान में हजारो की संख्या मे शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता के विरोध मे विशाल रैली की जिसमे देश के सभी मान्यता प्राप्त संघठनों ने अपने समर्थक शिक्षको के साथ प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल के प्रांतीय अध्यक्ष व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने मंच से इस महारैली को सम्बोधित करते हुये सरकार को चेताया कि यदि उसने शिक्षक विरोधी इस निर्णय को नया कानून बना कर नही पलटा तो ये संघर्ष उसकोआने वाले चुनाव मे बहुत भारी पड़ेगा। महारैली मे उत्तर प्रदेशिय जूनियर



हाई स्कूल शिक्षक संघ के आह्वान पर छजलेट ब्लॉक की इकाई के सभी पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श त्यागी के नेतृत्व मे अध्यापको ने प्रतिभाग किया।

रैली मे मुरादाबाद से प्रांतीय उपाध्यक्ष ठाकुर रविंद्रपाल सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजबहादुर सिंह, छजलेट के ब्लॉक मंत्री बृजेन्द्र विश्नोई, उदयवीर ,बबिता रवि, अनुराग, नितिन राव, सत्यवीर सिंह, चंद्रपाल सिंह, रवि प्रकाश सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## लिटिल एंजेल इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ कहा अच्छी शिक्षा देना हमारा उद्देश्य

**कांठ।** सलेमपुर के पास लिटिल एंजेल इंटरनेशनल स्कूल का आज शुभारंभ हो गया स्कूल के



मैनेजिंग डायरेक्टर ऋषिपाल सिंह ने आज पत्रकारों को बुलाकर कहा कि यह क्षेत्र का ऐसा पहला स्कूल है जो नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है और डे बोर्डिंग सिस्टम पर काम करने वाला है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत स्कूल परिसर में नामांकित समस्त बच्चे सुबह 9:00 से शाम 5:00 बजे तक बेल ट्रेंड शिक्षकों की उपस्थिति में लर्निंग बाय डूइंग शिक्षण विधि आधारित अधिगम प्रणाली द्वारा शिक्षा प्राप्त करने वाले है। स्कूल के सेक्रेटरी फिरोज अनवर और अध्यक्ष एवं पूर्व एवीआरसी मास्टर बली अहद ने स्कूल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को नए और अलग तरीके से शिक्षा प्रदान करना है उनके स्कूल में नामांकित प्रत्येक स्टूडेंट फ्लूएंट इन इंग्लिश होगा और वह सिर्फ किताबी ज्ञान की वजाय व्यावहा. रिक जानकारी भी हासिल करेंगा। कार्यवाहक प्रिंसिपल अलीना चौधरी ने बताया कि समस्त स्कूल वातानुकूलित और पूर्णतया डिजिटल पद्धति पर आधारित रहेगा उन्होंने कहा कि यहां सिर्फ नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों के एडमिशन लिए जाएंगे और इन्हीं बच्चों को आगे तक ले जाकर ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल के अन्य जिम्मेदार पदाधिकारी मौर्य जी एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## महंगी किताबो से पड रहा अभिभावकों पर जोर, शिकायत कर उठाई जांच की मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** महंगी बेची जा रही किताबों से अभिभावकों पर जोर पड़ रहा है अब इस मामले की जांच कर सस्ती किताब बेचे जाने की मांग बच्चों के माता-पिता ने उठाई है। आज इस मामले की शिकायत



तहसील समाधान दिवस में भी की गई बतादे कि इस समय नए शिक्षा सत्र की शुरुआत पर स्कूलों में एडमिशन चल रहे हैं। जिनके लिए बच्चों के माता-पिता को महंगे दामों पर किताबें खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। हर स्कूल का बुक सेलर अलग है और दूसरी जगह नगर में कहीं से भी किताबें खरीदने की आजादी माता-पिता को नहीं है किताबों के नाम पर मच रही लूट का बीड़ा आज सरदार सिमरन दीप ने उठाया वह तहसील पहुंचे और एडीएम प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर इस मामले की जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग उठाई।

## कुत्तों की बढ़ रही संख्या बन रही लोगों के लिए मुसीबत

**कांठ( शाह टाइम्स )** कुत्तों की गांव-गांव बढ़ रही संख्या लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है अब गांव में भी लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग उठानी शुरू कर दी है। ऐसा ही मामला आज रवाना से सामने आया रवाना गांव के नन्हे सिंह मेहर सिंह राय सिंह राहुल कुमार बिजेंद्र सिंह अरविंद कुमार आदि आज तहसील पहुंचे और उन्होंने प्रार्थना पत्र देकर गांव में बढ़ रही कुत्तों की तादाद से निजात दिलाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि उनके मोहल्ले में कुत्तों के कारण महिला पुरुष व बच्चे परेशान रहते हैं। आए दिन कुत्ते किसी न किसी को काट रहे हैं। जिसके कारण मोहल्ले के बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है तथा डर के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे भी नहीं जा पा रहे हैं माता-पिता बच्चों को घर पर अकेला छोड़ने में घबराते हैं।

उन्होंने कुत्ते पकड़ने वाली टीम बुलाकर आवारा कुत्तों से गांव में निजाद दिलाए जाने की मांग उठाई है।

## बहजोई में कैलाशानंद गिरी महाराज की कथा, भक्ति और संस्कारों का दिया संदेश

**चन्दौसी।** बहजोई स्थित बड़े मैदान पर शनिवार को भव्य कथा का आयोजन किया गया, जिसमें हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने श्रद्धालुओं को अपने प्रवचनों से मंत्रमुग्ध कर दिया। निरंजन अखाड़ा से जुड़े एवं प्रसिद्ध दक्षिण काली माता मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कथा के दौरान धर्म, भक्ति और मानव जीवन के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और ईश्वर की भक्ति है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महाराज ने अपनी सरल और प्रभावशाली शैली में कथा का वर्णन करते हुए विभिन्न धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से जीवन के आदर्शों को समझाया। उन्होंने कहा कि भक्ति के बिना जीवन अधूरा है कार्यक्रम में राज्यमंत्री गुलाब देवी, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, चंद्रसैन दिवाकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने जैविक खेती का लिया संकल्प, भूमि सपोषण कार्यक्रम के माध्यम से दिया संदेश

**मुरादाबाद।** बुद्ध विहार में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय विजय निकेतन में आज भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ के प्रांत पालक व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य हरपाल सिंह डागर मुख्य अतिथि के रूप में रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा भारत मां व भगवान बलराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैविक खेती के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा गौ, गंगा व जैविक खेती के संवर्धन, संरक्षण की अपील की गई। मुख्य अतिथि हरपाल सिंह डागर ने भारतीय किसान संघ की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए ग्राम समिति के गठन पर जोर दिया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष



मुरादाबाद चौधरी ओमवीर सिंह ने की तथा संचालन शिवराज सिंह राठी जिला उपाध्यक्ष ने किया। बैठक में संगठन मंत्री सुनील कुमार, विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद्र, मेरठ प्रांत उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी, प्रांत मंत्री जितेंद्र चौधरी, प्रांत प्रचार प्रमुख तेजभान सिंह राघव, जिला कोष अध्यक्ष मुरादाबाद हेम चंद्र, जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, दीपक चौधरी, जिला प्रचार प्रमुख पवन कुमार कोहली, जिला युवा प्रमुख आकांश चौधरी, जिला जैविक प्रमुख, जिला गन्ना प्रमुख तथा जिला अध्यक्ष रामपुर वीरेश शर्मा, तथा डिलारी ब्लॉक अध्यक्ष उमेश यादव, छजलैट ब्लॉक अध्यक्ष, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष, बिलारी ब्लॉक प्रचार प्रमुख विजय यादव, सतनाम सिंह, पुष्पेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईटीआई चन्दौसी में एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी में शनिवार को एंटी रोमियो टीम द्वारा छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक (एसआई) सुधीर कुमार ने छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत सरकार व पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया और पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया। एसआई सुधीर कुमार ने छात्राओं को मोबा.



इल के सावधानीपूर्वक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि स्कूल में मोबाइल लाने से बचें, क्योंकि कई बार मनचले तत्व मोबाइल के माध्यम से फोटो खींचकर ब्लैकमेलिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति परेशान करता है तो तुरंत अपने शिक्षकों, अभिभावकों या पुलिस को इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम में महिला आरक्षी कौशलवती, महिला आरक्षी वर्षा रानी, मुख्य आरक्षी अवधेश कुमार के साथ आईटीआई के फोरमैन, अनुदेशक विवेक कुमार, विष्णु सक्सेना, आकाश कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## संत तुकाराम पार्क में 30 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी-सहेली के तत्वावधान में 30 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शनिवार को संत तुकाराम पार्क में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगरपालिका चन्दौसी के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, यूनिट डायरेक्टर अंजू राजप. ूत, फेडरेशन ऑफिसर रीता बुदियाल, अध्यक्ष डॉ. मधुलता तोमर एवं योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद जायंट्स प्रार्थना के साथ शि. विर का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अंजू राजपूत, रीता बुदियाल, डॉ. मधुलता तोमर, रेनू वार्ष्णेय, करुणा अग्रवाल, अलका वार्ष्णेय, संजय वर्मा, कुलदीप चौधरी, नरेशचंद्र मौर्य, मुकेश वार्ष्णेय, हितेश वार्ष्णेय, राजेंद्र अग्रवाल, अरविंद कुमार मिश्रा, विजेंद्र सिंह पाठक, शिवा मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# दिल्ली की लगातार दूसरी जीत

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 8वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हरा दिया। यह डीसी की लगातार दूसरी जीत है।

शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। 163 रन का टारगेट दिल्ली ने 4 विकेट खोकर 18.1 ओवर में हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए इम्पैक्ट प्लेयर समीर रिजवी ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 बाल पर 90 रन बनाए। उनकी सीजन में यह लगातार दूसरी और आईपीएल की लगातार फिफ्टी है। उनके अलावा पाथुम निसांका ने 44 और डेविड मिलर ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया। मुंबई के



■ समीर रिजवी ने 90 रन बनाए, पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया

लिए दीपक चाहर, कार्बिन बाश और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला। वहीं, नीतीश राणा को जसप्रीत बुमराह ने रन आउट किया। इससे पहले, एमआई के लिए स्टैंड -इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतक (51 रन) लगाया। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35, नमन धीर ने 28 और मिचेल सैंटनर ने नाबाद 18 रन बनाए। डीसी के लिए मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए। अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन को 1-1 विकेट मिला। मुंबई इंडियंस के रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या आज के मैच में नहीं खेले। टास के समय सूर्यकुमार यादव ने बताया कि हार्दिक पूरी तरह फिट नहीं हैं, इसलिए आज वे टीम की कमान संभाल रहे हैं। 18वें ओवर की पहली बाल पर डेविड मिलर ने शानदार चौका जड़ा। इसी शाट के साथ दिल्ली 6 विकेट से जीत गई। कार्बिन बाश ने दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका देते हुए समीर रिजवी की शानदार पारी का अंत किया। रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 51 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। हालांकि इस बार वे शाट को सही तरह से प्लेस नहीं कर पाए और गेंद सीधे तिलक वर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद डेविड मिलर और रायनन रिकेल्टन ने उनकी बेहतरीन पारी की सराहना की।

# हम बाहरियों को प्रभावित नहीं करना चाहते: श्रेयस

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान ने कहा कि हमने ड्रेसिग रूम में फैसला किया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि बाहर के लोगों को।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के सातवें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 200 से अधिक रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक नौवीं बार पीछा किया है। इस टूर्नामेंट में यह किसी टीम द्वारा सर्वाधिक बार किया गया कारनामा है और वे यहां तक चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ पहुंचे हैं। मुकाबला जीतने के बाद श्रेयस ने कहा, ष्हमने ड्रेसिग रूम में ए निर्णय लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए हम एक ब्रांड वाली क्रिकेट खेलेंगे जो एक-दूसरे को प्रभावित करने वाली होगी, न कि



**श्रेयस अय्यर पर लगा 24 लाख का जुर्माना**

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के मैच नंबर 7 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार सं. हता के अनुच्छेद 2-22 के तहत यह उनकी टीम का इस सीजन का दूसरा अपराध था - जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है - इसलिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग ग्प के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

बाहर के लोगों को। इससे जब हम मैच खेलते हैं तो हमें भी एक तरह से काफी कुछ साफ पता रहता है। साधारण तौर पर ड्रेसिग रूम के अंदर के लोगों को चैलेंज करना है न कि बाहर के लोगों को।ष् उन्होंने कहा, ष्मुझे खुशी हो रही है कि पहले दो मैचों में ही सबको बल्लेबाजी करने का मौका मिला है। इससे टीम का आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ जाता है। जब भी हम दबाव कि स्थिति में होते हैं तो लोगों को पता है कि इससे कैसे निपटना है। मेरे खडाल से बल्लेबाजी के लिए पिच अच्छी थी, लेकिन तीन ओवर में 25 रन के साथ हमने अच्छी शुरुआत की थी। अचानक उन्होंने वहां से तेजी पकड़नी शुरू कर दी। लेकिन अहम ए था कि हम शांत रहें। इसके साथ ही ओवर रेट भी ऐसी चीज है जिस पर हमें ध्यान रखना होगा क्योंकि अंतिम दो ओवरों में यदि पांच फील्डर अंदर रहेंगे तो आपको ये पता होता है कि एक ही लाइन पर गेंदबाजी करनी है। हमें केवल इसी चीज पर फोकस रखना है।

# आरसीबी के खिलाफ सीएसके को करनी होगी वापसी

**बेंगलुरु।** क्रिकेट सिर्फ बल्ले और गेंद का खेल होता, तो कोई इसे इतने ड्रामे के साथ लिखने की जहमत नहीं उठाता। लेकिन फिर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है। यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी।

इस लंबी चलने वाली गाथा का ताजा एपिसोड चिन्नास्वामी स्टेडियम में आ रहा है, एक ऐसी जगह जहां बाउंड्री छोटी हैं, खिलाड़ियों का मिजाज और भी छोटा है, और गेंदबाज अक्सर ऐसे लोगों की तरह दिखते हैं जिन्होंने जदिगी में कोई गलत मोड़ ले लिया हो। बेंगलुरु एक खास तरह के अंदाज के साथ मैदान में उतरता है, ऐसा अंदाज जो चेन्नई के खिलाफ हाल के मुकाबलों में एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि लगातार तीन बार जीतने से आता है। क्रिकेट की भाषा में, इसे मोमेंटम (गति) कहा जाता हैद्ध इंसानी भाषा में, इसे आत्मविश्वास कहा जाता है जो कभी-कभी घमंड की हद तक पहुंच जाता है। दूसरी ओर, चेन्नई एक ऐसे अनुभवी सज्जन की तरह आती है जिसने अपना चश्मा कहीं खो दिया हो। उन्हें पता है कि क्या करना है, उन्हें याद है कि यह कैसे करना है, लेकिन किसी तरह, इस सीजन के शुरुआती मैचों में इसे ठीक से कर पाना उनके लिए मुश्किल रहा है। दो हारों ने पहले ही दबे-छिपे सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं, ऐसे सवाल जो पहले तो विनम्रता से पूछे जाते हैं, और फिर जब नतीजे बेहतर नहीं होते तो जोर से दोहराए जाते हैं। बेंगलुरु की बल्लेबाजी कुछ ऐसी रही है कि दर्शक गेंदबाजों के अस्तित्व को ही भूल जाते हैं। विराट कोहली एक बार फिर इस उथल-पुथल के बीच एक मजबूत सहारा बने हैं,



■ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम चेन्नई सुपर किंग्स कभी भी सिर्फ क्रिकेट नहीं रहा है, यह एक नाटक है, और कभी-कभी, आंकड़ों के साथ परोसा गया दिल टूटने का एहसास भी

और इतनी सहजता से पारी को संभालते हैं कि यह एक रस्म जैसा लगने लगता है। देवदत्त पडिक्कल ने अपनी निडर बल्लेबाजी से टीम में युवा जोश भरा है, जबकि रजत पाटीदार ने दिखाया है कि पारी को खत्म करना (फिनिशिंग) सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक बयान भी है। साथ मिलकर, उन्होंने बेंगलुरु को तेज शुरुआत करने और उससे भी तेज अंत करने की सहूलियत दी है। उनके पीछे एक सहायक टीम है जो सिर्फ सहायक बनकर रहने से इनकार करती है। फिलिप सॉल्ट अपने इरादे जाहिर करते हैं, जितेश शर्मा टीम को लचीलापन देते हैं, टिम डेविड एक ऐसे शांत लेकिन खतरनाक खिलाड़ी की तरह आते हैं जो छोटी-मोटी बातों के बजाय छक्के मारना ज्यादा पसंद करता है। रोमा. रियो शेफर्ड अपनी ताकत और मोमेंटम, दोनों से टीम में योगदान देते हैं। क्रुणाल पांड्या, जो हमेशा से एक उपयोगी ऑलराउंडर रहे हैं, अपनी शांति से टीम के सभी हिस्सों को एक साथ जोड़ते हैंद्ध उनकी यह शांति बताती है कि उन्होंने इस खेल को इतना करीब से देखा है कि अब इस खेल में आने वाली कोई भी चुनौती उन्हें हैरान नहीं कर सकती। उनके गें. दबाज भी सिर्फ दर्शक बनकर नहीं रहे हैं। जैकब डफी ने अपनी अनुशासित और असरदार गेंदबा. जी से तुरंत ही अपनी छाप छोड़ी, और अहम मौकों पर विकेट चटकाए। भुवनेश्वर कुमार, जो एक पुरानी घड़ी की तरह भरोसेमंद हैं, ने गेंदबाजी को कसी हुई रखा है, जबकि सहायक गें. दबाजों ने यह सुनिश्चित किया है कि विरोधी टीम कभी भी पूरी तरह से सहज न हो पाए। चेन्नई की बल्लेबाजी की कहानी कुछ और ही है-एक ऐसी कहानी जिसमें उम्मीद तो है, लेकिन उसमें निरंत. रता की कमी आड़े आती रहती है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर पारी की शुरुआत को सही दिशा देने की जम्मिेदारी है, जबकि संजू सैमसन अपनी कलात्मकता और किसी भी शांत ओवर को एक धमाकेदार ओवर में बदलने की क्षमता लेकर आते हैं। आयुष म्हात्रे ने एक आत्मविश्वास से भरी अर्धशतकीय पारी खेलकर पहले ही अपनी काबिलियत की झलक दिखा दी है, और सरफराज खान अपनी तेज-तर्रार बल्लेबाजी से मध्यक्रम में एक अलग ही तरह का रोमांच और अप्रत्याशितता जोड़ते हैं। हालांकि, शिवम दुबे इस टीम में सबसे दिलचस्प खिलाड़ी बने हुए हैं। उनकी जब चाहें तब बाउंड्री पार करने की क्षमता उन्हें एक हथियार भी बनाती है और एक चेतावनी भी। चिन्नास्वामी जैसे मैदान पर, जहां गेंद सोच से भी ज्यादा तेजी से बाउंड्री की ओर भागती है, उनका किरदार और भी ज्यादा अहम हो जाता है। अगर वह क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहते हैं, तो वह किसी की भी परवाह किए बिना पूरे मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। बाकी के बल्लेबाज टीम को गहराई तो देते हैं, लेकिन उनमें हमेशा निरंतरता देखने को नहीं मिलती। चेन्नई के सामने चुनौती प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि सही समय पर उस प्रतिभा को एकजुट होकर प्रदर्शन में बदलने की है। आखिर, क्रिकेट सिर्फ अलग-अलग खिलाड़ियों का जमावड़ा नहीं है, बल्कि उन खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल और संवाद का खेल है। गेंदबाजी के मोर्चे पर, चेन्नई की टीम थोड़ी कमजोर नजर आई है। तेज गेंदबाजों में मैट हेनरी सबसे ज्यादा भरोसेमंद साबित हुए हैंद्ध उन्होंने विकेट तो चटकाए हैं, लेकिन अक्सर उन्हें अपने साथी गेंदबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाया है।

# पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए आस्ट्रेलिया लौटे कमिंस

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के नियमित कप्तान पैट कमिस अपनी पीठ की चोट के अंतिम स्कैन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट गए हैं।

पिछले साल जुलाई से ही मैदान से दूर चल रहे कमिस इस बीच केवल एक एशेज टेस्ट खेल पाए थे। अब आईपीएल 2026 के बीच में ही वह अपनी इंजरी का अपडेट लेने के लिए टीम कैंप छोड़कर ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की जानकारी के अनुसार, यह स्कैन पहले से ही तय था और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्धसीएत्र की देखरेख में किया जाएगा। गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच खत्म होने के बाद कमिस भारत से रवाना हुए। अगर रिपोर्ट सही आती है और बोर्ड से मंजूरी मिलती है, तो उनके 17



अप्रैल तक वापस टीम से जुड़ने की संभावना है। यह पूरी कवायद टीम की पुरानी योजना का हिस्सा है। कमिस ने आईपीएल शुरू होने से पहले ही साफ कर दिया था कि, ष्अगर स्थिति अनुकूल रही, तो मैं टूर्नामेंट के दूसरे हाफ और नॉकआउट मुकाबलों द्धयदि एसआरएच पहुंचती हैत्र में खेलता नजर आऊंगा।ष् वह टूर्नामेंट के आगाज से ही टीम के साथ थे और नेट सत्र में गेंदबाजी का अभ्यास भी कर रहे थे। हैदराबाद ने अपना पहला मैच 28 मार्च को बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ खेला था। कमिस की गैर-मौजूदगी में इशान किशन ही टीम की कमान संभालना जारी रखेंगे। उन्हें कप्तान तब नियुक्त किया गया था, जब यह साफ हो गया था कि पैट शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कमिस आखिरी बार पिछले साल दिसम्बर में तीसरे एशेज टेस्ट में एक्शन में दिखे थे।

जुलाई में पहली बार उनकी पीठ में तकलीफ शुरू हुई थी। हालांकि, उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप खेलने की उम्मीद जताई थी, लेकिन रिकवरी के दौरान एक ष्मामूली झटकेष् की वजह से उन्हें बाहर बैठना पड़ा। भारत आने से कुछ दिन पहले कमिस ने बिजनेस ऑफ स्पोर्ट्स पॉडकास्ट पर अपनी चोट को लेकर बात की थी।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका से 2-1 से जीती वनडे सीरीज

**बेसिन रिजर्व।** न्यूजीलैंड ने शनिवार को वेलिगटन के बेसिन रिजर्व में खेले गए तीसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 66 रनों से हराकर महिला वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

मैडी ग्रीन के शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए वापसी की, जब टीम का स्कोर 3 विकेट पर सिर्फ 3 रन था। इस पतन की शुरुआत टुमी सेखुखुने ने की, जिन्होंने सूजी बेट्स और अमेलिया केर, दोनों को आउट किया, जबकि अयांडा लुबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई, क्योंकि ग्रीन और ब्रुक हॉलिडे के बीच 211 रनों की विशाल साझेदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मैच में वापसी कर ली। ग्रीन 141 रनों पर नाबाद रहीं, जबकि हॉलिडे अपने शतक से सिर्फ दो रन पीछे रह गईद्ध इस तरह न्यूजीलैंड ने 306/7 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने अच्छी शुरुआत की और उसके ओपनरों ने मिलकर 68 रनों की साझेदारी की। इसके बाद कप्तान लॉरा वोल्वार्ट और एनेरी डर्कसेन के बीच 77 रनों की एक और साझेदारी हुई, जिसने प्रोटियाज को मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखने में मदद की। हालांकि, 26वें ओवर में वोल्वार्ट के आउट होते ही दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम का स्कोर 145/1 से गिरकर 154/4 हो गया। पारी को संभालने की तमाम को. शिशों के बावजूद, नियमित अंत. राल पर विकेट गिरते रहने के कारण लक्ष्य का पीछा करने की प्रक्रिया पटरी से उतरती रही।

# वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी का दिल दौरा पड़ने से निधन

**लखनऊ।** वरिष्ठ खेल पत्रकार एवं टॉइम्स ऑफ इंडिया लखनऊ के पूर्व खेल संपादक संतोष सूरी का शनिवार को हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वह करीब 68 वर्ष के थे। परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार आज भोर करीब तीन बजे उन्हे सीने में दर्द की शिकायत पर गोमतीनगर स्थित डा राममनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनका अंतिम संस्कार गोमती नगर स्थित बैकुंठ धाम में कर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार और खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने उन्हे अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धाजंलि अर्पित की। खेल पत्रकार जगत में परफेक्ट जेंटलमैन की पहचान रखने वाले सूरी 1984 में टाइम्स ऑफ इंडिया के लखनऊ संस्करण से जुड़े थे




हालांकि 2016 में रिटायरमेंट के बाद वह मिड डे के साथ जुड़ कर लगातार क्रिकेट की रिपोर्टिंग कर रहे थे। अपने लगभग छह दशक के करियर में उन्होंने क्रिकेट विश्वकप समेत कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं को कवर किया। सूरी को खेल जगत से जुड़ी हर छोटी बड़ी घटनाओं का विश्लेषण सरल और सटीक अंदाज में करने की महारथ हासिल थी। उत्तर प्रदेश क्रिकेट और यहां के कई उदईमान क्रिकेटरों के बारे में उन्हे इतना गहरा ज्ञान था कि उन्हे यूपी क्रिकेट का इन्साइक्लोपीडिया कहा जाता था। उनके साथी और वरिष्ठ पत्रकार असीम मुखर्जी और सैयद सबूर मोहम्मद का कहना है कि सूरी यूपी क्रिकेट पर एक किताब लिखना चाहते थे। जर्मनी के बर्लिन में 1958 में जन्मे सूरी ने बैंगलोर में पत्रकारिता का ककहरा सीखा था हालांकि गुजरात के जामनगर और पंजाब के पटियाला में भी उन्होंने काफी समय गुजारा। सूरी पत्रकारिता के अलावा क्रिकेट खेलने के भी शौकीन थे। उन्होंने स्कूल क्रिकेट के अलावा कई क्रिकेट क्लबों में मध्यम तेज गेंदबाज के तौर पर प्रतिनिधित्व किया था। पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्दधू के साथ भी उन्होंने क्रिकेट खेला जबकि नब्बे के दशक में लोकप्रिय शीशमहल क्रिकेट

# एसआरएच की नजर बड़े स्कोर पर, एलएसजी को वापसी की तलाश

**हैदराबाद।** भारत में क्रिकेट, ज्यादातर अहम चीजों की तरह, शायद ही कभी सीधी रेखा में चलता है। यह कभी टेढ़ा-मेढ़ा चलता है, कभी चौंकाता है, कभी तारीफ बटोरता है, और कभी-कभी उन लोगों को भी जमीन दिखा देता है जो सोचते हैं कि उन्होंने इसे पूरी तरह समझ लिया है।

हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं- एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का। सनराइजर्स हैदराबाद इस मुकाबले में उस टीम के सहज आत्मविश्वास के साथ उतर रही है जिसने अपनी बैटिंग की लय पा ली है। उनके हालिया प्रदर्शन निडर स्ट्रोकप्ले और लगातार आक्रामक इरादों पर आधारित रहे हैं। अभिषेक शर्मा सबसे बेहतरीन योगदान देने वालों में से एक रहे हैं, उन्होंने तेज गति से रन बनाए हैं और पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए माहौल तैयार कर दिया है। उनके आक्रामक रवैए ने यह पक्का किया है कि हैदराबाद शायद ही कभी अपनी पारी की शुरुआत रक्षात्मक अंदाज में करती है। उनके साथ, ट्रैविस हेड ने अपनी साफ और जोरदार हिटिंग से इस आक्रामकता को और भी मजबूत बनाया है। दोनों ने मिलकर एक ऐसा टॉप ऑर्डर बनाया है जो सिर्फ पारी को आगे ही नहीं बढ़ाता, बल्कि शुरू से ही विरोधी टीम के गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो जाता है। मिडिल ऑर्डर में, हेनरिक क्लासेन ने टीम को स्थिरता और पारी को फर्निश करने की ताकत दी है। पिछले मैच में उनके शांत स्वभाव के साथ बनाए गए अर्धशतक ने उनके संयम और टाइमिग, दोनों गुणों को दिखाया( यही वो गुण हैं जिन्होंने इस सीजन में हैदराबाद की सफलता में उन्हें एक अहम खिलाड़ी बनाया है। यहां तक कि उनके कप्तान, ईशान किशन ने भी टीम को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाई है)। उन्होंने कप्तानी और बैटिग, दोनों जम्मिेदारियों को पूरी लगन के साथ निभाया है। कुल मिलाकर, हैदराबाद लगातार 200 से ज्यादा का स्कोर बना रही है यह एक ऐसा ट्रेंड है जो न सिर्फ उनकी अच्छी फॉर्म को दिखाता है, बल्कि उनकी खेल की सोच को भी जाहिर करता है। हालांकि, उनकी गेंदबाजी की कहानी थोड़ी ज्यादा उलझी हुई है। जहां जयदेव उनादकट और ईशान मलिगा जैसे खिलाड़ियों ने बीच-बीच में असरदार गेंदबाजी करते हुए कुछ अहम विकेट लिए हैं, वहीं पूरी गें. दबाजी यूनिट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कमी दिखी है। रन काफी ज्यादा दिए गए हैं,



■ हैदराबाद की एक गर्म दोपहर में, दो टीमें बहुत अलग-अलग तरह के बोझ लेकर मैदान में उतर रही हैं, एक के पास आत्मविश्वास का बोझ है, तो दूसरी के पास सुधार करने का

खासकर पावरप्ले में, और टीम अक्सर अपनी बैटिग की ताकत पर निर्भर रहती है ताकि गेंदबाजी की इन कमियों की भरपाई की जा सके। दूसरी तरफ लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम है, जो इस सीजन के शुरुआती दौर में अभी भी अपनी लय और तालमेल की तलाश में है। उनके अभियान की शुरुआत हार के साथ हुई थीद्ध उस मैच में उनकी बैटिंग लाइन. अप लड़खड़ा गई थी और खिलाड़ी कोई बड़ी पार्टनरशिप नहीं बना पाए थे, जिसके चलते गें. दबाजों के पास बचाव के लिए काफी कम स्कोर बचा था। अब सारी जम्मिेदारी ऋषभ पंत के कंधों पर आ गई हैद्ध उनकी कप्तानी और बैटिग की फॉर्म ही लखनऊ के भविष्य को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाएगी। उन्हें न केवल पारी को संभालना होगा, बल्कि उस टीम में आत्मविश्वास भी जगाना होगा जो अभी तक पूरी तरह से जम नहीं पाई है। उनके साथ, मिशेल मार्श और एडेन मार्करम से टीम को स्थिरता और ढांचा देने की उम्मीद है। दोनों के पास पारी को संभालने का अनुभव और संयम है, जिसकी कमी लखनऊ को अब तक खली है। मध्य क्रम में, निकोलस पूरन उनके सबसे विस्फोटक विकल्प बने हुए हैं।

उनकी तेजी से रन बनाने की क्षमता उन्हें किसी भी स्थिति में एक खतरनाक खिलाड़ी बनाती है, हालांकि उनका प्रभाव काफी हद तक उस आधार पर निर्भर करता है जो उनके लिए पहले से तैयार किया गया हो। अगर लखनऊ को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करना है, तो अब्दुल समद और अन्य जैसे सहयोगी खिलाड़ियों को आगे बढ़कर योगदान देना होगा। गेंदबा. जी के मामले में, लखनऊ के पास ज्यादा संतुलित आक्रमण है। मोहम्मद शमी अपने अनुभव और नियंत्रण के साथ तेज गेंदबाजी इकाई की अगुवाई करते हैं, और अक्सर उन्हें शुरुआती झटके देने का काम सौंपा जाता है। एनरिक नोर्त्जे अपनी तेज गति से गेंदबाजी करते हैं, जबकि मोहसिन खान ने बीच के ओवरों में अनुशासन बनाए रखने की क्षमता दिखाई है। अगर ए गेंदबाज अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, तो वे हैदराबाद जैसी मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को भी चुनौती दे सकते हैं। हैदराबाद में परिस्थितियां बल्लेबाजी के अनुकूल रहने की उम्मीद है। पिच पर गेंद सही उछाल के साथ आती है, जिससे स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाज आत्मविश्वास के साथ गेंद की लाइन में आकर शॉट खेल पाते हैं। मैच के बाद के चरणों में स्पिनरों को कुछ मदद मिल सकती है, लेकिन कुल मिलाकर, यह मैदान बड़े स्कोर वाले मुकाबलों के लिए जाना जाता है।



आगरा। कई गांवों में बारिश और ओलावृष्टि के बाद क्षतिग्रस्त हुए गेहूं की फसल को इकट्ठा करता मजदूर।

## अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल भागीदारी लगातार बढ़ रही

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजनीति में भारतीय मूल के लोगों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में रिनी संपत ने इतिहास रचते हुए वाशिंगटन डीसी मेयर चुनाव के बैलेट में जगह बना ली है। वह इस पद के लिए बैलेट तक पहुंचने वाली पहली दक्षिण एशियाई उम्मीदवार बन गई हैं। तमिलनाडु के थेनी में जन्मी रिनी संपत बचपन में ही अमेरिका चली गई थीं। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय के लिए गर्व का पल है। रिनी ने कहा कि वह सात साल की उम्र में अमेरिकन ड्रीम को पूरा करने के लिए अमेरिका आई थीं। अब उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सपना वाशिंगटन डीसी के हर नागरिक के लिए हकीकत बने।

# 23 साल बाद दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट

## अब तक ईरानी हमलों में अमेरिका के 7 विमान तबाह, तेहरान की रणनीति नहीं समझ पा रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है।

उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। 23 साल में पहली बार अमेरिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था। ईरानी मीडिया के मुताबिक सबसे पहले अमेरिकी एफ-5ई

**■ पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए**





फाइटर जेट को मार गिराया गया। यह ईरान के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में उड़ान भर रहा था। एफ-5ई फाइटर जेट के क्रू को ढूंढने के लिए अमेरिकी विमान ।-10 अटैक एयरक्राफ्ट पहुंचा तो उस पर भी हमला हुआ। ए-10 हमले के बाद कुवैत के हवाई क्षेत्र तक पहुंच गया, जहां पायलट ने सुरक्षित तरीके से इजेक्ट किया। पायलट सुरक्षित है, हालांकि विमान कुवैत में क्रैश हो गया। एफ-5ई में दो क्रू मेंबर थे। इनमें से एक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि दूसरा लापता है। ईरानी सरकारी मीडिया का कहना है कि पैराशूट के जरिए बाहर निकला यह क्रू सदस्य देश के दक्षिणी हिस्से में उतरने का अनुमान है। वहीं, एफ-5ई फाइटर जेट के रेस्क्यू के लिए 2 ब्लैकहाक हेलीकॉप्टर भेजे गए थे। उन पर भी हमला हुआ। हालांकि, इन पर मौजूद सभी अमेरिकी सैनिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिका को ईरान के आसमान में बढ़त जरूर है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल नहीं है। ईरान का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर जरूर हुआ है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। अब सवाल यह है कि कमजोर एयर डिफेंस होने के बावजूद ईरान ने इतने एडवांस अमेरिकी विमानों को कैसे निशाना बनाया, इसका जवाब है ईरान की 'असिमेट्रिक वारफेयर' यानी अलग तरीके से युद्ध लड़ने की रणनीति। ईरान जानता है कि सीधे युद्ध में अमेरिका से मुकाबला करना मुश्किल है, इसलिए कम संसाधनों में ज्यादा नुकसान पहुंचाने की रणनीति अपना रहा है। वह अक्सर अमेरिका पर चौंकाने वाले हमले कर रहा है। यही वजह है कि जंग शुरू होने के 35 दिन बाद भी अमेरिका अभी भी ईरान की रणनीति को पूरी तरह समझ नहीं पाया है। एक्सपर्ट का मानना है कि अमेरिकी विमानों और हेलिकाप्टर पर हमले के पीछे मजीद एयर डिफेंस सिस्टम या कंधे से दागी जाने वाली मिसाइल (शोल्डर-फायर मिसाइल) हो सकती हैं। माना जा रहा है कि अमेरिकी विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे, इसलिए वे इन मिसाइलों की रेंज में आ गए।

## अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े रक्षा बजट का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट पेश किया है। ट्रम्प प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के रिकार्ड रक्षा बजट का प्रस्ताव पेश किया है। यह रक्षा बजट में 44 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि है, जिससे पेंटागन के खर्च में खासी बढ़ोतरी होगी। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए कई घरेलू कार्यक्रमों में कटौती करने की तैयारी है। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक बजट प्रस्ताव में कहा कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए पहले दिए गए ऐतिहासिक 1 खरब डॉलर के बजट को आगे बढ़ाते हुए 2027 के लिए 1.5 खरब डॉलर की मांग की गई है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि यह प्रस्ताव बढ़ते सुरक्षा दबावों के बीच अमेरिका की सैन्य बढ़त को बनाए रखने में मदद करेगा।

दस्तावेज में कहा गया कि 2027 का बजट इस वादे को सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका दुनिया की सबसे शक्तिशाली और सक्षम सेना बनाए रखे। प्रस्ताव में लगभग 1.1 खरब डॉलर का आधारभूत रक्षा खर्च शामिल है, जबकि करीब 350 अरब डॉलर गोला-बारूद उत्पादन और रक्षा औद्योगिक ढांचे के विस्तार के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस बजट का एक प्रमुख हिस्सा 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा



**■ शिक्षा-विदेशी मदद में कटौती की तैयारी**

प्रणाली विकसित करने के लिए रखा गया है। व्हाइट हाउस के अनुसार, गोल्डन डोम परियोजना को मजबूत वित्तीय समर्थन दिया जाएगा और इसे घरेलू सुरक्षा रणनीति के तहत प्राथमिकता मिलेगी। बजट में जहाज निर्माण के लिए 65.8 अरब डॉलर का प्रावधान भी किया गया है, जिसमें नए युद्धपोत और सहायक पोत बनाने की योजना है। साथ ही, सैन्य कर्मियों के वेतन में वृद्धि का भी प्रस्ताव है, जिसमें ई-5 और उससे नीचे के रैंक के जवानों के लिए 7 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी शामिल है। रक्षा खर्च में इस बढ़ोतरी के साथ अमेरिकी सरकार कई अन्य अहम कार्यक्रमों के बजट में कटौती की तैयारी कर रही है। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक कि 2026 के गैर-रक्षा कार्यक्रमों की तुलना में बजट में 10 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव है।

# होर्मुज जलमरूडमध्य को तीन श्रेणी में बांटेगा ईरान

## देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा तेहरान

**तेहरान।** ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाज को तीन श्रेणी में बांटने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान देशों को 'शत्रु', 'तटस्थ' और 'मित्र' देशों के रूप में वर्गीकृत करने पर विचार कर रहा है। इसके तहत 'शत्रु' देशों के जहाजों को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि 'तटस्थ' देशों को वहां से गुजरने के लिए शुल्क देना होगा और मित्र देश को आसान या बिना रोक-टोक प्रवेश की अनुमति देगा।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे जान-माल का नुकसान हुआ था। जवाब में ईरान ने इजरायली क्षेत्र और पश्चिमी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की वास्तविक घेराबंदी की गई है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है। इस स्थिति ने क्षेत्र में तेल उत्पादन और निर्यात के स्तर को भी प्रभावित किया है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। वहीं ईरान ने कहा है कि अगर वह अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो इस बात की जानकारी रूस समेत अपने मित्र देशों को देगा। एक ईरानी राजनयिक सूत्र ने कहा कि अगर ईरान अमेरिका के साथ बातचीत करने का फैसला करता है, तो वह रूस समेत अपने दोस्तों को इसकी जानकारी देगा। सूत्र ने बताया कि ईरान इस मुद्दे पर रूस के प्रति पूरी पारदर्शिता दिखाने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले कहा था कि अमेरिका और ईरान के बीच सार्थक बातचीत हुई है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार किया था, लेकिन कहा कि ईरान को मध्यस्थों के जरिए अमेरिका की ओर से संदेश मिले हैं, जिनमें संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत शुरू करने की इच्छा जाहिर की गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था। इन हमलों से नुकसान हुआ और आम नागरिकों की जान भी गई। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।



### ईरान युद्ध में अब तक 365 अमेरिकी सैनिक घायल, 13 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान अब तक कुल 365 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जबकि 13 सैनिकों की मौत हुई है। बीसीसी ने अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के हवासे से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी तक यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि इन आंकड़ों में ईरान में हाल ही में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान के मार गिराए जाने और लापता चालक दल को खोजने के लिए चलाए गए बचाव अभियान के दौरान घायल हुए सैनिक भी घायलों की इस सूची में शामिल हैं या नहीं। अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 13 ही बनी हुई है।

## जर्मनी में पुरुषों के देश छोड़ने पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** जर्मनी में 17 से 45 साल के पुरुषों की विदेश यात्रा को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। सरकार ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत इस आयु वर्ग के पुरुषों को तीन महीने से ज्यादा समय के लिए देश छोड़ने से पहले अनुमति लेनी होगी।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब जर्मनी अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब अगर कोई पुरुष तीन महीने से ज्यादा समय के लिए पढ़ाई, नौकरी या किसी अन्य कारण से विदेश जाना चाहता है, तो उसे जर्मन सेना यानी बुंडेसवेहर से मंजूरी लेनी होगी। यह नियम 1 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। पहले यह नियम सिर्फ आपात स्थिति या युद्ध जैसे हालात में लागू होता था, लेकिन अब इसे सामान्य समय में भी लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत 17 से 45 साल के पुरुषों को लंबी अवधि के लिए विदेश जाने से पहले सैन्य प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। यह अनुमति बुंडेसवेहर के करियर सेंटर से मिलेगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि जरूरत पड़ने पर सेना के लिए योग्य लोगों की जानकारी और उपलब्धता बनी रहे। जर्मनी सरकार इस कदम को सैन्य मजबूती से जोड़कर देख रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने

**■ सरकार ने 17-45 साल आयुवर्ग के पुरुषों पर देश छोड़ने के मामले में पाबंदियां लगाई**

वाले वर्षों में सेना की संख्या बढ़ाई जाए। फिलहाल जर्मनी की सेना में करीब 1.84 लाख सैनिक हैं, जिसे बढ़ाकर 2035 तक 2.55 से 2.70 लाख तक करने की योजना है। ऐसे में संभावित सैनिकों का रिकार्ड रखना जरूरी माना जा रहा है। नई नीति के तहत 2008 या उसके बाद जन्मे युवाओं को सेना में रुचि से जुड़ा एक फार्म भरना होगा। यह पुरुषों के लिए अनिवार्य है, जबकि महिलाएं स्वेच्छा से इसमें भाग ले सकती हैं। सरकार का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की सैन्य जरूरतों के लिए तैयार रखना है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच जर्मनी अपनी सुरक्षा नीति को मजबूत कर रहा है। कुछ विश्लेषकों ने यह भी कहा है कि जर्मनी नाटो में एक अहम भूमिका निभाता है, इसलिए उसे अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। इस नियम को लेकर कुछ लोगों ने चिंता भी जताई है कि इससे नागरिकों की स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। पहले ऐसा नियम सिर्फ युद्ध या संकट के समय लागू होता था, लेकिन अब सामान्य हालात में भी इसे लागू करना एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

## एपस्टीन मामले में बड़ा समझौता

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का घिनौना मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। नए-नए खुलासों और दस्तावेजों ने दुनियाभर के कई बड़े नेताओं और अरबपतियों की नींद उड़ा दी है।

इसी बीच इस मामले में बैंक आफ अमेरिका और पीड़ित महिलाओं के वकीलों के बीच हुए समझौते के तहत 7.25 करोड़ डॉलर (करीब 600 करोड़ रुपये) का एक फंड बनाया गया है, जिससे पीड़ित महिलाओं को मुआवजा दिया जाएगा। अदालत के अनुसार, इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है, जिनका एपस्टीन ने 2008 के बाद यौन शोषण किया था। अमेरिकी जिला जज जेड एस. रैकाफ ने इस समझौते को शुरुआती मंजूरी दे दी है और अंतिम सुनवाई 27 अगस्त को होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पीड़ितों तक इस फंड की जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी छूट न जाए। मामले में पीड़ित महिलाओं के वकीलों का आरोप था कि बैंक आफ अमेरिका ने एपस्टीन के संदिग्ध लेनदेन को नजरअंदाज किया, जबकि वह 2008 से 2019 के बीच लड़कियों और महिलाओं का शोषण कर रहा था।

हालांकि बैंक ने आरोपों के बाद भी अपने बयान में कहा कि वह अपने पुराने रुख पर कायम है कि उसने किसी भी तरह के अपराध में मदद नहीं की, लेकिन इस समझौते से मामला खत्म होगा और पीड़ितों को कुछ राहत मिलेगी। जेफरी एपस्टीन को जुलाई 2019 में अवैध देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अगस्त 2019 में न्यूयार्क की जेल में उसकी मौत हो गई, जिसे आत्महत्या बताया गया।

**■ 7.25 करोड़ डॉलर का बनाया गया फंड, एक साथ कई पीड़ित महिलाओं को मिलेगा मुआवजा**
**■ इस फंड का फायदा 60 से 75 महिलाओं को मिल सकता है: अदालत**

## ईरान के नए सर्वोच्च नेता रूस में नहीं हैं: राजनयिक स्रोत

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के रूस दौरे की कथित खबरें सही नहीं हैं और उनकी चोटें उनके काम में बाधा नहीं डाल रही हैं। एक राजनयिक स्रोत से शनिवार को यह जानकारी मिली। मार्च में कुवैत के समाचार पत्र 'अल-जरीदा' ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता हमले में घायल होने के बाद इलाज के लिए आपातकालीन स्थिति में रूस ले जाया गया था। सूत्रों ने बताया कि नए सर्वोच्च नेता कुछ घंटों के लिए भी रूस में नहीं रहे हैं। उनको आई चोटें गंभीर नहीं हैं और वे कामकाज में कोई बाधा नहीं डाल रही हैं।

## जंग के बीच पैसा बनाने में जुटे ट्रम्प के बेटे

### ड्रोन बनाने वाली कंपनी से जुड़े, एक्सपर्ट बोले: युद्ध से फायदा कमाने वाले पहले राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक ड्रोन स्टार्टअप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें राष्ट्रपति ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लोरिडा की पावरस कंपनी मिडिल ईस्ट के देशों को अपने ड्रोन सिस्टम बेचने की कोशिश कर रही है। ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे, ये वही समय था जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया था।

हालांकि दोनों को कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी मिलने की उम्मीद है। पावरस से जुड़े अधिकारियों ने अबू धाबी में अधिकारियों से मुलाकात की है। बातचीत इस बात पर हुई कि यूएई को हथियार और ड्रोन डिफेंस सिस्टम बेचे जा सकते हैं, क्योंकि वह ईरान के खिलाफ अपने डिफेंस को और मजबूत करना चाहता है। इस घटना के बाद आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति के परिवार के लोग युद्ध से फायदा कमा रहे हैं। पावरस के सह-संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच ने बताया कि उनकी टीम खाड़ी के कई देशों में ड्रोन डेमो दिखा रही है, ताकि यह समझाया जा सके कि उनके इंटरसेप्टर ड्रोन ईरानी हमलों से बचाव में कैसे मदद कर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन देशों में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। वेलिकोविच ने कहा कि अमेरिका को चीन और रूस जैसे देशों से मुकाबले के लिए तेजी से ड्रोन तकनीक विकसित करनी होगी, नहीं तो वह पीछे रह जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। इस पूरे मामले से यह साफ होता है कि ईरान युद्ध के चलते ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम की मांग बढ़ रही है। ईरान सस्ते ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी महंगे मिसाइल सिस्टम से उन्हें गिराने की कोशिश करते हैं। इससे लागत का बड़ा अंतर पैदा हो रहा है। यही वजह है कि सस्ते और असरदार एंटी-ड्रोन सिस्टम बनाने वाली कंपनियों के लिए बड़ा मौका बन रहा है।

**■ ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर फरवरी के अंत में इस कंपनी से सलाहकार के तौर पर जुड़े थे**



# ईरान युद्ध में पाक को यूएई ने दिखाया आईना

## मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहे इस्लामाबाद से वापस मांगा अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद।** ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष खत्म करने के लिए पाकिस्तान मध्यस्थता करने की कोशिश कर रहा है। हालांकि इस बीच यूएई ने उसे आईना दिखाते हुए अपना 3.5 अरब डॉलर का कर्ज वापस मांग लिया है। आर्थिक मोर्चे पर तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को संयुक्त अरब अमीरात के इस कदम से बड़ा झटका लगा है।

यूएई की तरफ से कर्ज चुकाने की अवधि को बार-बार बढ़ाया जा रहा था। हालांकि, शुक्रवार को आई मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूएई ने पाकिस्तान से इस महीने के अंत तक सारा कर्ज वापस करने के लिए कहा है। मौजूदा समय में पाकिस्तान के पास विदेशी मुद्रा भंडार में 21 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि है। विदेशी मुद्रा भंडार की राशि से पाकिस्तान फिलहाल यूएई को कर्ज चुका सकता है, लेकिन आने वाले महीनों में देश को बाहरी वित्तीय मदद की आवश्यकता पड़ सकती है। हालांकि, पाकिस्तान दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैलाकर ही अपनी गाड़ी को आगे खींच रहा है। 31 मार्च 2026 तक पाकिस्तान ने आईएमएफ से लगभग 729 करोड़ डॉलर का कर्ज ले रखा है। ट्रेडिंग इकोनामिक्स के अनुसार, पाकिस्तान पर कुल विदेशी कर्ज दिसम्बर 2025 की दूसरी तिमाही तक लगभग 138 अरब डॉलर पहुंच गया है। आईएमएफ के अनुसार, पाकिस्तान वर्तमान में आईएमएफ के 7 अरब डॉलर के विस्तारित फंड सुविधा कार्यक्रम के तहत काम कर रहा है। जल्द ही आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए लगभग 1.2 अरब डॉलर की अगली किस्त जारी करने पर सहमति जताई। चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा कर्जदाता है। चीन ने पाकिस्तान को लगभग 29 अरब डॉलर का कर्ज दिया है। इसके अलावा सऊदी अरब ने करीब 9.16 अरब डॉलर की वित्तीय सहायता और जमा राशि के रूप में मदद दी है। प्रोफिट बाई पाकिस्तान के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान को अप्रैल 2026 में 1.3 अरब डॉलर के यूरोबान्ड का भुगतान भी करना है। पाकिस्तानी मीडिया डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी ने बताया कि अबू धाबी ने रकम तुरंत वापस करने की मांग की थी।



## ईरान संघर्ष के पीछे लंदन की नीतियां भी जिम्मेदार: एंड्रे केलिन

**मॉस्को।** ब्रिटेन में रूस के राजदूत एंड्रे केलिन ने कहा है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की आक्रामक कार्रवाई के पीछे आंशिक रूप से लंदन की नीतियां जिम्मेदार हैं। केलिन ने रूस की समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कहा कि दरअसल, ईरान और पूरे क्षेत्र में हुई दुखद घटनाएं कई मायनों में लंदन की नीतियों का परिणाम हैं, जिसने वॉशिगटन में ईरान-विरोधी 'हॉक्स' का साथ दिया और संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के पतन में योगदान दिया। रूस के राजदूत ने यह भी आरोप लगाया कि ब्रिटेन ईरान की जवाबी कार्रवाई की आलोचना करता है, लेकिन ईरानी नागरिकों के खिलाफ कथित युद्ध अपराधों की निंदा नहीं करता।

## सवालों के घेरे में ईरान युद्ध वार्ता में गतिरोध

नई दिल्ली। वर्तमान पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के विवाद को सुलझाने के लिए ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच मध्यस्थता करने की पाकिस्तान की महत्वाकांक्षाएं विफल होती दिख रही हैं क्योंकि खबरों के अनुसार ईरान ने इस्लामाबाद में वार्ता करने से इनकार कर दिया है।

यद्यपि ईरान या अमेरिका-इजरायल की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ईरानी अधिकारियों के इस प्रक्रिया को खारिज करने और तेहरान के मध्यस्थों को औपचारिक रूप से सूचित करने के बाद कि वह इस्लामाबाद की वार्ता में भाग नहीं लेगा, पाकिस्तान की भूमिका पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस कूटनीतिक गतिरोध के साथ, क्या इस्लामाबाद इस प्रक्रिया से बाहर है और भारत (ब्रिक्स अध्यक्ष के रूप में) इसमें शामिल होगा? यह प्रश्न अभी भी बना हुआ है। दोनों पक्षों के सीधे बयानों से बढ़ते कूटनीतिक अलगाव का संकेत मिलता है। ईरान के विदेश मंत्रालय और मुंबई स्थित इसके महावाणिज्य दूतावास ने पाकिस्तान के नेतृत्व वाली किसी भी मध्यस्थता में भाग लेने से इनकार किया है। ईरान ने पहले ही ट्रम्प प्रशासन की 15-सूत्रीय शांति योजना को खारिज कर दिया है, जो इस्लामाबाद के माध्यम से तेहरान भेजी गई थी। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के मंच उनके अपने हैं, हमने उनमें भाग नहीं लिया। उन्होंने मध्यस्थों (पाकिस्तान) के माध्यम से दिए गए अमेरिकी प्रस्तावों को 'अत्यधिक, अनुचित और अवास्तविक' बताकर खारिज कर दिया है। दूसरी ओर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने शुरू में 'सार्थक वार्ता' की मेजबानी के लिए तत्परता व्यक्त की थी और दावा किया था कि वाशिंगटन और तेहरान दोनों ने इस्लामाबाद की भूमिका पर विश्वास जताया है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने 2 अप्रैल को अपने प्रयासों में कुछ 'बाधाओं' को स्वीकार किया, हालांकि उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद अपना कूटनीतिक प्रयास जारी रखेगा। पाकिस्तान की मध्यस्थता विफल होने की खबरें केवल अटकलों पर नहीं, बल्कि ठोस तथ्यों पर आधारित हैं।

**■ क्या पाक मध्यस्थता से बाहर है, क्या भारत को इसमें शामिल होना चाहिए**



## कलयुग राइजिंग

# भारत की एआई फिल्म ने रचा इतिहास

**मुंबई।** कलियुग राइजिंग–द बिगिनिंग ने प्रतिष्ठित हिग्सफील्ड मेक योर एक्शन प्रतियोगिता में शीर्ष 10 में स्थान हासिल किया। 100 से अधिक देशों से आई 9,000 से अधिक प्रविष्टियों में से वैश्विक स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त करते हुए, यह उपलब्धि हासिल करने वाली एकमात्र भारतीय एआई फिल्म बनी। यह परियोजना कृत्रिम बुद्धिमत्ता–प्रथम रचनात्मक स्टूडियो इमैजिन इफ और फिल्म निर्माता प्रतया साहा को एक साथ लाती है, जहां कहानी कहने की महत्वाकांक्षा और अत्याधुनिक तकनीक का संगम होता है।

# ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी रश्मिका



**रश्मिका मंदाना इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी, यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा।**

**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना जापान के टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक बार फिर इंटरनेशनल मंच पर छाने वाली हैं।रश्मिका मंदाना इंटरनेशनल लेवल पर एक बार फिर भारत को प्रस्तुत करने वाली हैं। वह इस साल टोक्यो में होने वाले ग्लोबल एनीमे अवॉर्ड्स में बतौर प्रेजेंटर नजर आएंगी। यह इवेंट 23 मई को जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। रश्मिका इससे पहले भी 2024 में इस अवॉर्ड शो का हिस्सा रह चुकी हैं और उस समय वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय प्रेजेंटर बनी थीं। रश्मिका ने खुद इस खबर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि वह एक बार फिर जापान जाकर एनीमे से जुड़े टैलेंटेड लोगों के साथ इस खास मौके को सेलिब्रेट करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। उल्लेखनीय है कि एनीमे अवॉर्ड्स दुनियाभर के कलाक. रों, क्रिएटर्स और एनीमे लवर्स को एक साथ लाने वाला बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां बेहतरीन काम को सम्मानित किया जाता है।

# लीसा मिश्रा ने छह महीने तक आवाज खोने के बारे में किया खुलासा

**मुंबई।** गायिका और अभिनेत्री लीसा मिश्रा ने हाल ही में अपने जीवन का एक बेहद निजी अनुभव साझा किया, जिसे आमतौर पर लोग एक सफल और लगातार परफॉर्म करने वाले कलाकार से जोड़कर नहीं देखते। लीसा मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी आवाज लगभग छह महीने के लिए पूरी तरह चली गई थी। इसका कारण वोकल नोड्यूल्स थे, जो ज्यादा इस्तेमाल और दबाव के कारण वोकल कॉर्ड्स पर बनने वाले छोटे–छोटे कठोर उभार होते हैं। लीसा इस समय को अपने करियर का सबसे कठिन दौर मानती हैं। एक पेशेवर गायिका के लिए आवाज सिर्फ एक साधन नहीं होती, बल्कि उसकी पहचान, रोजगार और भावनात्मक सहारा भी होती है। इसे खो देना न सिर्फ करियर के लिए बड़ा झटका होता है, बल्कि मानसिक रूप से भी बहुत भारी पड़ता है। लीसा ने बताया कि यह अनुभव उनके लिए कितना मुश्किल था, क्योंकि इस दौरान उन्हें डर, आत्म–संदेह और अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना करना पड़ा। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। हाल ही में लीसा ने लगातार चार दिनों तक कई शो किए, और इस दौरान उनकी आवाज पूरी तरह ठीक रही, बिना किसी परेशानी के।

























